दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



इतिहास बदलने की दास्तान.....
दूसरे को गिराने के लिए .....

वर्ष : 12 | अंक : 24 | लखनऊ, 15 जनवरी, गुरूवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### आदित्य साहू बने झारखंड भाजपा के अध्यक्ष



रांची। आदित्य साहू को भाजपा की झारखंड प्रदेश इकाई का नया अध्यक्ष चुना गया है। केंद्रीय चुनाव पदाधिकारी जुएल ओराम ने उनके निर्वाचन की औपचारिक घोषणा की। ओराम ने भाजपा की राष्ट्रीय परिषद के लिए झारखंड से 21 सदस्यों के निर्वाचन की भी घोषणा की। इनमें कड़िया मुंडा, अर्जुन मुंडा, रघुवर दास आदि शामिल हैं।

### चीनी मांझे की चपेट से डॉक्टर की मौत




जौनपुर। जिले में बुधवार को चीनी मांझे की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। घटना से मौके पर अफरातफरी मच गई। घटना पंचहटिया स्थित प्रसाद इंटरनेशनल स्कूल के पास हुई। मृतक की पहचान डॉक्टर समीर हासिमी के रूप में हुई है। गर्दन कटने से काफी खून बह रहा था, जिससे मौके पर मौत हो गई।

### भ्रष्टाचार केस में दुबे को लोकपाल से क्लीनचिट



नई दिल्ली। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ लगे भ्रष्टाचार के आरोपों को एएम खानविलकर की अध्यक्षता वाले लोकपाल ने पूरी तरह खारिज कर दिया है। दुबे को शिकायतकर्ता के खिलाफ कार्रवाई की भी छूट दी है। पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने दुबे और उनके परिवार के खिलाफ बेहिसाब संपत्ति की शिकायत की थी।

### एयरलाइन ने किफायती सेवा का आफर दिया



नई दिल्ली। देश की दो बड़ी एयरलाइन कंपनी नए साल में यात्रियों के लिए ऑफर दिए हैं। यात्रियों को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट्स पर किफायती किराए के साथ कई जरूरी सेवाओं पर आकर्षक छूट मिल रही है। इंडिगो की सेल 13 जनवरी से 16 जनवरी 2026 तक टिकट बुकिंग के लिए खुली रहेगी।

## पश्चिम बंगाल में ईडी की छापेमारी से जुड़े विवाद पर सुनवाई

# कलकत्ता हाईकोर्ट से लगा ममता सरकार को झटका, अदालत ने उनकी याचिका खारिज की

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख/नई दिल्ली,

**टीएमसी को डेटा सुरक्षा चाहिए**

पश्चिम बंगाल में ईडी की छापेमारी से जुड़े विवाद पर कलकत्ता हाईकोर्ट में सुनवाई की गई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और पश्चिम बंगाल की सत्ताधारी टीएमसी ने अलग-अलग याचिकाएं दायर की हैं। ऐसे में बुधवार को सुनवाई के दौरान कलकत्ता हाई कोर्ट ने टीएमसी की याचिका को खारिज कर दिया है। अदालत ने ईडी के इस बयान को रिकॉर्ड किया कि उसने 8 जनवरी को फर्म के डायरेक्टर प्रतीक जैन के घर और ऑफिस से कुछ भी जब्त नहीं किया था। ईडी की ओर से पेश हुए एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू कहा कि एजेंसी ने जो कुछ भी अपने कब्जे में लिया था, उसे सीएम ममता ले गईं। इससे पहले ईडी ने हाई कोर्ट को बताया कि पिछले हफ्ते राजनीतिक परामर्श फर्म के डायरेक्टर जैन के घर और ऑफिस पर हुई तलाशी के सिलसिले में दायर याचिकाओं को टाल दिया जाए। वहीं टीएमसी के वकील मेनका गुरुस्वामी ने कहा कि पार्टी सिर्फ अपने डेटा की सुरक्षा चाहती है।

### ईडी ने कहा- कुछ भी जब्त नहीं किया





कलकत्ता उच्च न्यायालय

### ईडी का दावाः अदालतों ने इसे संज्ञेय अपराध माना था

9 जनवरी को ईडी ने दावा किया है कि इस घटना में राज्य के सर्वोच्च राजनीतिक नेतृत्व की सीधी भागीदारी थी और पुलिस बल का दुरुपयोग किया गया। एजेंसी ने आग्रह किया है कि वह सीबीआई को एफआईआर दर्ज करने और मुख्यमंत्री सहित सभी संलिप्त व्यक्तियों की भूमिका की जांच करने का निर्देश दे। सीबीआई की जांच जरूरी है, क्योंकि कलकत्ता हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट दोनों ने लगातार यह माना है कि जहां राज्य में ऊंचे और शक्तिशाली लोग संज्ञेय अपराधों को करने में शामिल होते हैं, वहां जांच सीबीआई को ट्रांसफर कर दी जानी चाहिए। ईडी ने जबरदस्ती ले गए सभी डिजिटल उपकरणों, इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड, स्टोरेज मीडिया और दस्तावेजों को तत्काल जब्त करने, सील करने, की मांग की थी।

### टीएमसी ने भी दायर की थी याचिका

इस मामले को लेकर टीएमसी ने आई पैक पर ईडी की छापेमारी के खिलाफ कलकत्ता हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। टीएमसी बंगाल में एसआईआर के खिलाफ आवाज उठा रही है और विरोध कर रही है।

#### हाई कोर्ट से बोले एसएसजी राजू

### यहां आसमां नहीं फटने वाला फिलहाल रोक दीजिए सुनवाई



सुनवाई के दौरान ईडी ने दावा किया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता ने आई-पैक के डायरेक्टर प्रतीक जैन के घर पर हो रही छापेमारी के दरमियान नाटकीय तौर पर एंट्री की थी और सरकारी काम में बाधा डाला। ईडी ने आरोप लगाया है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी रेड वाली जगहों पर गईं और अहम सबूत ले गईं। दूसरी तरफ, ममता की तरफ से दावा किया गया कि ईडी के छापे अवैध थे और जांच एजेंसी ने सारी सीमएं लांघ दी थी। इस दौरान टीएमसी ने ईडी द्वारा जब्त किये गये चुनाव संबंधी उसके डाटा की सुरक्षा के लिए अदालत से गुहार लगाई।

#### सुनवाई स्थगित करने का अनुरोध

ईडी ने उच्चतम न्यायालय में दायर याचिका का हवाला देते हुए मामले की सुनवाई स्थगित करने का अनुरोध किया। ईडी की तरफ से पेश हुए राजू ने कोर्ट को बताया कि एजेंसी ने सुप्रीम कोर्ट में दो याचिकाएं दायर की हैं। इसलिए हाई कोर्ट इस मामले की सुनवाई न करे। उन्होंने दलील दी, यह मामला सुप्रीम कोर्ट में आ सकता है। लिहाजा, इस मामले की सुनवाई को टाल दिया जाए। आज सुनवाई नहीं होने से कोई आसमान फटकर नहीं गिरने वाला है।

#### आई-पैक की गैरमौजूदगी पर भी उठे सवाल

एएसजी राजू ने आई-पैक की गैरमौजूदगी पर भी सवाल उठाए। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि पॉलिटिकल कंसल्टेंसी फर्म को कोर्ट में पेश होना चाहिए था। उन्होंने कहा कि पूरी याचिका चुनाव से जुड़े तर्कों पर आधारित है, न कि किसी अधिकार के उल्लंघन पर। किसी के घर से किसी का डेटा जब्त किया गया है, उन्हें तो कोर्ट आना चाहिए था। आई पैक को यहां आना चाहिए था।

#### बंगाल में एसआईआर पर रार

### 50 बीएलओ ने दिया इस्तीफा बीडीओ ऑफिस में तोड़फोड़



मुर्शिदाबाद। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के फरक्का ब्लॉक में एसआईआर प्रक्रिया को लेकर हालात लगातार तनावपूर्ण होते जा रहे हैं।इसके नाम पर आम लोगों को परेशान किए जाने का आरोप लगाते हुए फरक्का ब्लॉक के सभी बूथ लेवल ऑफिसर ने एक साथ सामूहिक इस्तीफा दे दिया है। यह इस्तीफा बुधवार सुबह फरक्का ब्लॉक इलेक्शन ऑफिसर को सौंपा। करीब 50 बीएमलओ ने इस्तीफा दिया है। बीएलओ का आरोप है कि आयोग की ओर से ठोस दिशा निर्देश के बार बार पॉट्सएप के जरिए बदलते हुए आदेश भेजे जा रहे हैं। कहा गया था कि केवल फॉर्म भरने से प्रक्रिया पूरी हो जाएगी, लेकिन बाद में सुनवाई के नाम पर आम लोगों को बार बार फोन कर बुलाया जाने लगा।

#### विधायक इस्लाम के आने पर भी सवाल

एसआईआर प्रक्रिया के तहत हुई सुनवाई के दौरान फरक्का बीडीओ कार्यालय में तोड़फोड़ की घटना भी सामने आई है। बताया जा रहा है कि करीब 30 से अधिक बीएलओ के एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रक्रिया को लेकर अपनी आपत्तियां रखीं। यह प्रतिनिधिमंडल फरक्का के तृणमूल कांग्रेस विधायक मोनिरुल इस्लाम के नेतृत्व में पहुंचा था।

#### बुलंदशहर में भी मिली गलती

### 56 लोगों के वोट सपा नेता के पते पर दर्ज, जांच की

बुलंदशहर। यहा पहासू कस्बा क्षेत्र के पठान टोला मोहल्ला में एक गली के 56 लोगों के वोट मुस्लिम परिवार के पते पर बन गए। इसमें मोहल्ला निवासी सपा के नगर अध्यक्ष सगीर अहमद ने बीएलओ व अन्य लोगों से शिकायत की। बुधवार को बीएलओ ने मोहल्ले में पहुंच कर वोट संशोधित करने के लिए दोबारा फार्म भरवाए।

#### दोबारा फार्म भरवाएः सपा

सगीर ने मामले की जानकारी अधिकारियों को दी। बीएलओ मौके पर पहुंचे और जानकारी जुटाई। अन्य लोगों की वोट को संशोधित करने के लिए दोबारा फार्म भरवाए। बीएलओ गजेंद्र सिंह का कहना है कि वाल्मीकि समाज के कुछ लोगों की वोट में पते में गड़बड़ी थी।

#### उत्तर भारत की लड़कियों पर बोले मारन

### रसोई में काम व बच्चे पैदा करो तो भाजपा ने माफी की मांग की

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



डीएमके सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री दयानिधि मारन के उत्तर भारत की लड़कियों पर बयान से सियासी विवाद बढ़ गया है। चेन्नई के कायद ए मिल्लत सरकारी वुमेंस कॉलेज के समारोह में मारन ने कहा कि कई उत्तर भारतीय राज्यों में लड़कियों को अक्सर घर पर रहने और घरेलू कामों पर ध्यान देने को कहा जाता है, लेकिन तमिलनाडु में लड़कियों को एजुकेशन और करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। मारन ने महिला शिक्षा के क्षेत्र में तमिलनाडु की तरक्की का श्रेय द्रविड़ आंदोलन और डीएमके सरकार की नीतियों को दिया। मारन ने कहा कि हमारी सरकार लैपटॉप का इस्तेमाल कर लाभार्थी पढ़ाई और साक्षात्कार के लिए दिए हैं। उत्तर भारत के राज्यों में महिलाओं को नौकरी न करने के लिए कहा जाता है और उन्हें घर में रहकर रसोई में काम करने और बच्चे पैदा करने के लिए कहा जाता है। भाजपा ने माफी की मांग की है।

### प्रयागराज से गंगासागर तक उल्लास



**देशभर में मकर संक्रांति-पोंगल की धूम**

प्रयागराज। मकर संक्राति और पोंगल पर पूरे देश में उल्लास रहा। संगम नगरी प्रयागराज से लेकर हरिद्वार की हरकी पौड़ी तक में गंगा स्नान और आस्था की डुबकी लगाकर लोगों ने पावन पर्व की शुरुआत की। यहा लाखों लोगों ने डुबकी लगाई। पतंगों से सजे आसमान ने पूरे देश में इस पर्व की रौनक बढ़ा दिया।

#### आईआईटी मद्रास में पहुंचे प्रधान

### अगले माह हो रही एआई समिट की मेजबानी की समीक्षा की

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान बुधवार को पोंगल समारोह में भाग लेने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास पहुंचे। उन्होंने घोषणा की कि भारत अगले महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रतिष्ठित एआई इम्पैक्ट समिट की मेजबानी करेगा। दुनिया भर के देश शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और विनिर्माण क्षेत्रों में तेजी से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को अपना रहे हैं। पूरा ईकोसिस्टम, समाज के सभी वर्ग और सरकार एवं समाज के सभी जरूरी हितधारक इस बात पर विचार-विमर्श कर रहे हैं कि शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य सेवा, लॉजिस्टिक्स या विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में एआई जैसी क्रांतिकारी तकनीक को कैसे लागू किया जाए? पिछले साल सरकार ने हमें शिक्षा में एआई के लिए एक उत्कृष्टता केंद्र प्रदान किया है। आगामी शिखर सम्मेलन के दौरान केंद्र की प्रगति की समीक्षा करने के उद्देश्य से यह दौरा किया गया था।

#### कर्नाटक में बवाल के बीच शिवकुमार ने दी सफाई

### राहुल के साथ नेतृत्व परिवर्तन पर नहीं हुई कोई बात

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,




**सीएम की कुर्सी को लेकर रार**

कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने बुधवार को साफ किया कि मंगलवार को जब उनकी राहुल गांधी के साथ बात हुई थी, उसमें कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई। दरअसल राहुल गांधी, जब मंगलवार को कर्नाटक दौरे पर पहुंचे थे तो शिवकुमार उनसे अकेले में बातचीत करते नजर आए थे। जिसके बाद फिर से राज्य में नेतृत्व परिवर्तन के कयास शुरू हो गए थे। बुधवार को मीडिया से बात करते हुए शिवकुमार ने कहा कि मैं कर्नाटक कांग्रेस का अध्यक्ष हूं और राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता, हमारी बातचीत प्रोटोकॉल के तहत हुई थी। ये सब बातें सार्वजनिक तौर पर नहीं की जा सकतीं। नेतृत्व परिवर्तन को लेकर कोई बात नहीं हुई। राहुल ने हमें अच्छा काम करने के लिए कहा और हम उसी हिसाब से काम करेंगे।

#### मंगलवार को नेता प्रतिपक्ष ने डीके से अकेले की थी बात

**राहुल ने सिद्धारमैया-शिवकुमार को दिल्ली बुलाया**





राहुल गांधी और सिद्धारमैया

कर्नाटक में सीएम की कुर्सी को लेकर सीएम सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के बीच खींचतान का अभी भी अंत नहीं हुआ है। अब कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा है कि राहुल गांधी ने दोनों नेताओं को दिल्ली बुलाया है। हालांकि अभी तारीख तय नहीं हुई है। कर्नाटक में सीएम सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के बीच लंबे समय से कुर्सी को लेकर खींचतान जारी है। बीते दिनों भी दोनों नेता दिल्ली गए थे, लेकिन उस समय भी कोई फैसला नहीं हो सका था। दोनों नेता हालांकि सार्वजनिक तौर पर किसी भी मतभेद से इनकार करते हैं।

#### फिर दिल्ली जाएंगे दोनों नेताः विधायक अशोक बोले

बुधवार को बेंगलुरु में मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस विधायक अशोक पत्तन ने कहा कि बुधवार को राहुल गांधी ने दोनों नेताओं (सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार) को दिल्ली बुलाया है। हालांकि अभी तारीख तय नहीं है। तारीख तय होने के बाद दोनों नेता दिल्ली जाएंगे।

#### नीति आयोग का 'निर्यात तैयारी सूचकांक (ईपीआई) 2024'

### निर्यात की तैयारी मामले में उत्तर प्रदेश देश के शीर्ष 5 राज्यों में, महाराष्ट्र शीर्ष पर रहा

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

उत्तर प्रदेश ने नीति आयोग के 'निर्यात तैयारी सूचकांक (ईपीआई) 2024' में मजबूत स्थिति दर्ज कराते हुए देश के शीर्ष 5 बड़े राज्यों में जगह बना ली है। नीति आयोग के इस व्यापक मूल्यांकन में उत्तर प्रदेश निर्यात तत्परता और प्रदर्शन के मामले में चौथे स्थान पर रहा है। यह रिपोर्ट देश के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की निर्यात क्षमता को परखने के साथ-साथ उनके बीच 'प्रतिस्पर्धी संघवाद' को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तैयार की गई है। इसमें राज्यों का प्रदर्शन देखा जाता है।

#### इसमें राज्यों की निर्यात क्षमता को परखा जा रहा

#### तमिलनाडु दूसरे तो गुजरात तीसरे स्थान पर





सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम के अनुसार महाराष्ट्र 68.01 के स्कोर के साथ बड़े राज्यों की श्रेणी में पहले पायदान पर रहा है। तमिलनाडु दूसरे और गुजरात तीसरे स्थान पर काबिज है। उत्तर प्रदेश ने चौथा स्थान हासिल किया है।आंध्र प्रदेश पांचवें स्थान पर रहा। इसमें 'लीडर्स', 'चैलेंजर्स' और 'एस्पिरेंट्स' जैसी श्रेणियों में बांटा गया है।

**छोटे राज्यों में उत्तराखंड प्रथम**

छोटे राज्यों, उत्तर-पूर्वी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की श्रेणी में उत्तराखंड ने पहला स्थान प्राप्त किया है। इसके बाद जम्मू-कश्मीर दूसरे और नगालैंड तीसरे स्थान पर रहे हैं।

## मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र के रतौली निवासी अजीत कुमार ने गांव के ही प्रमोद, रंजीत, राजेंद्र, कल्लू और उनके भांजे अजय पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। अजीत कुमार के मुताबिक उसकी घर पर ही किराना की दुकान है। अजीत का कहना है कि 13 जनवरी मंगलवार शाम करीब छह बजे गांव के प्रमोद व रंजीत उसकी दुकान पर सामान लेने आए थे। जहां दुकान में कुछ सामान उपलब्ध न होने पर दोनों गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने दुकान में घुसकर उसके साथ मारपीट की और उसकी मां को भी मारा पीटा। पीड़ित की सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को शांत कराया। आरोप है कि पुलिस के जाने के बाद प्रमोद व रंजीत अपने भाइयों राजेन्द्र, कल्लू तथा भांजे अजय के साथ फरसा, लाठी-डंडा लेकर घर में घुस आए और दोबारा हमला किया। पीड़ित का कहना है कि जब उसने दोबारा पुलिस को बुलाने के लिए फोन किया तो आरोपियों ने घर पर ईंट-पत्थर चलाए और जान से मारने की धमकी दी, जिससे पूरा परिवार भयभीत है। फिलहाल पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## साढ़े नौ लाख का सामान लेकर, नहीं किया भुगतान, अब करते हैं मारपीट और देते हैं जान से हाथ धोने की धमकी

अमन लेखनी समाचार



पीजीआई। कल्याणपुर, कानपुर के रहने वाले कारोबारी से कल्ली पश्चिम पीजीआई में कंस्ट्रक्शन प्लांट चलाने वाले कारोबारी ने करीब साढ़े 9लाख रुपए का सामान मंगा लिया लेकिन भुगतान नहीं किया, जब अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने अभद्रता करते हुए मारपीट की, पीड़ित ने पीजीआई कोतवाली पुलिस को नामजद तहरीर दी है पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है। विष्णु प्रसाद दुबे, 58-सी आशा देवी मंदिर के पास, न्यू आजाद नगर कल्याणपुर कानपुर में रहते हैं। उन्होंने बताया कि उनकी कंपनी मेसर्स रुद्र एसोसिएट कानपुर द्वारा, बैटन आर एम सी, कंस्ट्रक्शन एण्ड प्लान्ट, कल्ली पश्चिम, लखनऊ को गिट्टी की सप्लाई की थी। जिसका 9 लाख,50 हजार,117 रुपये का भुगतान इंडल्ठठ फटठ कंस्ट्रक्शन एण्ड प्लांट द्वारा भुगतान नही किया गया है। कम्पनी (इंडल्ठठ फटठ कंस्ट्रक्शन एण्ड प्लांट) के मालिक सन्तोष कुमार तिवारी, आदर्श तिवारी, अतुल तिवारी, निवासी जनपद प्रतापगढ़ और कर्मचारीगण रघुवीर वर्मा, भास्कर मिश्रा भुगतान मांगने पर अभद्रता करते हुए मारपीट करते हैं।तथा पहले भी मारपीट कर चुके है। पीजीआई कोतवाली पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है।

## दुष्कर्म, मतांतरण के आरोपी डॉ. रमीज के लैपटॉप में कैद हैं तमाम काले कारनामे

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) में जूनियर डॉक्टर से दुष्कर्म, मतांतरण की धमकी देने और गर्भपात के आरोप में गिरफ्तार किए गए आरोपित डॉ. रमीजुद्दीन नायक उर्फ रमीज का लैपटॉप अभी तक किसी के हाथ नहीं लगा है। एसटीएफ उसके लैपटॉप की तलाश में है। आशंका है कि रमीज के लैपटॉप में उससे पीड़ित कई युवतियों के फोटो, वीडियो और मतांतरण से जुड़ी अहम सामग्री है। इस दिशा में एसटीएफ जांच कर रही है। केजीएमयू के डा. रमीजुद्दीन नायक पर जूनियर चिकित्सक ने दुष्कर्म करने, गर्भपात कराने और मतांतरण की धमकी देने के आरोप लगाए थे। उसने प्रकरण की शिकायत केजीएमयू प्रशासन से की थी। इसके बाद चौक कोतवाली में रमीज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। इस बीच रमीज फरार हो गया था। साजिश में उसके पिता और मां भी शामिल थे। पुलिस ने मां-बाप को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बीते शुक्रवार को रमीज को भी गिरफ्तार कर लिया गया। रमीज की निशानदेही पर पुलिस ने उसका मोबाइल फोन बरामद किया। हालांकि, मोबाइल फोन से पुलिस को कोई डाटा नहीं मिला। साजिशन सारा डाटा मोबाइल से डिलीट किया गया था। एसटीएफ की जांच टीम अब रमीज का लैपटाप तलाश रही है। अभी तक लैपटाप की लोकेशन नहीं मिल सकी है। तकनीकी टीमें आइपी एड्रेस की मदद से लैपटाप का पता लगा रही हैं। जांच टीम के सूत्रों ने बताया कि, प्राथमिक छानबीन में एसटीएफ को पता लगा है कि लैपटॉप में करीब एक दर्जन युवतियों और महिलाओं के फोटो और वीडियो हैं। लैपटॉप में मतांतरण से जुड़े कई वीडियो, आडियो और मतांतरण से जुड़ी अन्य सामग्री है। कई बार रमीज ने इन्हीं वीडियो के आधार पर युवतियों को मतांतरण के लिए दुष्प्रेरित किया था। जांच के अनुसार, जूनियर चिकित्सक को भी रमीज ने इन वीडियो के बारे में बताया था।

### अलग-अलग नामों से बनाए थे फोल्डर

जांच में सामने आया है कि डा. रमीज ने लैपटाप में युवतियों के अलग-अलग नाम रखे थे। हर फोल्डर में अलग युवती से जुड़ी सामग्री वह रखता था। कुछ युवतियों की बिना जानकारी के उसने काल की रिकार्ड किए थे। यह फाइल भी रमीज अपने लैपटाप में रखता था। एसटीएफ सरगर्मी से उसके लैपटाप की तलाश में जुटी है।

## किष्किंधा में हनुमान जी का प्रभु राम से मिलन, भक्त भाव विभोर

5 दिवसीय हनुमंत कथा का चौथा दिन।

अमन लेखनी समाचार



पीजीआई। वृंदावन योजना सेक्टर 6 श्री बाला जी मन्दिर, चौधरी इन्कलेव, सेक्टर 6 सी, निलमथा रोड, में श्री बालाजी पाटोत्सव, पर 5 दिवसीय हनुमंत कथा के चौथे दिन, बुधवार को किष्किंधा में हनुमान जी महाराज का अपने प्रभु श्री राम जी और लक्ष्मण जी मिलने की कथा का बड़ा मार्मिक वर्णन किया, भगवती मां सीता के हरण के बाद वन में विचरण करते दोनों तपस्वी भाई, वहीं बालि से त्रस्त सुग्रीव, हनुमान जी और प्रभु श्री राम की पहली मुलाकात किष्किंधा क्षेत्र के ऋष्यमूक पर्वत पर हुई, जहाँ हनुमान जी ने ब्राह्मण का वेश धारण कर, राम और लक्ष्मण का परिचय पूछा, जिसके बाद दोनों भक्तों का मिलन हुआ, और सुग्रीव से मित्रता का मार्ग प्रशस्त हुआ। बुधवार को व्यास पीठ पर विराजमान श्रद्धेय अमन कृष्ण जी महाराज ने इस कथा का बड़े ही मार्मिक वर्णन किया, कथा सुनकर पंडाल में बैठे सैकड़ों भक्त भाव विभोर हो गए, हनुमंत कथा और उसके महत्व, हनुमत भजन से जीवन में बरसने वाली कृपा के बारे में बताया, कहा जहां विश्वास है वहीं प्रभु कृपा है। कथा के मुख्य यजमान गणेश पाल जी हैं। वहीं समापन 16 जनवरी को होगा, विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

## मकर संक्रांति पर बाबा दिगंबर नाथ मंदिर पर खिचड़ी भोज का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

निगोहा। मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर निगोहा गांव स्थित बाबा दिगंबर नाथ मंदिर परिसर में खिचड़ी भोज कार्यक्रम का आयोजन किया बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और ग्रामीणों ने सहभागिता करते हुए प्रसाद ग्रहण किया खिचड़ी भोज के आयोजन की जिम्मेदारी अधिवक्ता अतुल त्रिवेदी ने निभाई। कार्यक्रम में भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी एवं पीसीएफ के चेयरमैन चंद्र भूषण त्रिपाठी विशेष रूप से उपस्थित रहे उन्होंने मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान नीशू मिश्रा, मनोज शर्मा सुशील मिश्रा राम विनोद तिवारी मनोज त्रिवेदी महेंद्र त्रिवेदी रिंकू शुक्ला राहुल शुक्ला, अंशुल त्रिवेदी अभिषेक त्रिवेदी सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## परम संत श्री बालक राम बाबा स्थल पर पूजन-अर्चना

अमन लेखनी समाचार



निगोहा। निगोहा के अघइया गांव स्थित परम संत श्री बालक राम बाबा स्थल पर मंगलवार को हर वर्ष की भांति विधि-विधान से पूजन हवन और आरती संपन्न हुई। मधुलता द्विवेदी व समाजसेवी कृपा शंकर द्विवेदी समेत पूर्व प्रधान बृजेंद्र तिवारी ने परंपरागत अनुष्ठान करते हुए गांव की सुख-समृद्धि तथा लोककल्याण की कामना की कार्यक्रम में पहुंचे श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। पूजन से पूर्व स्थल को सुसज्जित करने की व्यवस्था भी समाजसेवी कृपा शंकर द्विवेदी ने स्वयं सुनिश्चित कराई हर साल की तरह इस बार भी उन्होंने समय रहते रंग-रोगन, साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं को पूरी तरह चाक-चौबंद किया था इस मौके पर मुख्य रूप से सतीश द्विवेदी तान्या द्विवेदी लोटन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### स्थल की मान्यता

स्थानीय मान्यता के अनुसार परम संत श्री बालक राम बाबा स्थल पर मत्था टेकने से कठिन रोगों से मुक्ति मिलती ग्रामीणों का विश्वास है कि गांव में कोई व्यक्ति लंबे समय से बीमार हो या बच्चे की तबीयत ठीक न हो, तो यहां आशीर्वाद लेने पर रोग दूर हो जाते हैं। ग्रामीणों का कहना कि किसी भी विपत्ति प्राकृतिक संकट या ईश्वरीय प्रकोप से बचाव के लिए भी लोग यहां पहुंचकर मनोकामना मांगते जो पूरी होती श्रद्धा और आस्था से भरपूर यह वार्षिक अनुष्ठान धीरे-धीरे गांव की साझा परंपरा और लोक आस्था का प्रमुख केंद्र बन चुका है।

## उतरावां ने निगोहा को बाहर का रास्ता दिखा फाइनल में किया प्रवेश

अमन लेखनी समाचार



निगोहां। निगोहां के खेल मैदान पर जब जज्बा और जुनून मिलता तो मुकाबला वाकई यादगार बन जाता निगोहां के टूनामेंट आयोजन में बुधवार को कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला सेमीफाइनल के इस अहम मुकाबले में उतरावां की टीम ने मेजबान निगोहां को बाहर का रास्ता दिखा शान से फाइनल में प्रवेश किया

### मैच का लेखा-जोखा

दोपहर को शुरू हुए इस रोमांचक मैच में टॉस का सिक्का निगोहां के पक्ष में गिरा निगोहां के कप्तान ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया लेकिन उतरावां के गेंदबाजों की सधी हुई लाइन-लेंथ के सामने मेजबान बल्लेबाज संघर्ष करते नजर आए निर्धारित 16 ओवरों के खेल में निगोहां की टीम ताश के पत्तों की तरह बिखर गई और 9 विकेट खोकर केवल 109 रनों का मामूली स्कोर खड़ा कर सकी उतरावां के खिलाड़ियों ने भी चुस्ती दिखाते हुए निगोहां को बड़े स्कोर से वंचित रखा।

### लक्ष्य का पीछा और जीत

110 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी उतरावां की शुरूआत भी उतार-चढ़ाव भरी रही मैच के बीच में निगोहां के गेंदबाजों ने वापसी की कोशिश की और उतरावां के 7 विकेट झटक लिए जिससे मैच एक समय बेहद रोमांचक मोड़ पर आ गया हालांकि उतरावां के बल्लेबाजों ने अपना संयम नहीं खोया और महज 14 ओवरों में जीत हासिल कर ली।

### प्रभात पाण्डेय बने 'मैन ऑफ द मैच'

उतरावां की इस शानदार जीत में प्रभात पाण्डेय का अहम योगदान रहा उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन बल्लेबाजी/गेंदबाजी के लिए उन्हें कमेटी द्वारा 'मैन ऑफ द मैच' के खिताब से नवाजा उनकी इस उपलब्धि पर खेल प्रेमियों ने तालियों के साथ उनका उत्साहवर्धन किया।

### गुरुवार को होगा महामुकाबला

उतरावां टीम के ऑनर शिवम सिंह ने बताया कि फाइनल की दोनों टीमें मजबूत है मैच काफी रोमांचक होगा ?अब सबकी निगाहें गुरुवार को होने वाले खिताबी मुकाबले पर टिकी टूनामेंट का भव्य फाइनल मैच गुरुवार को गढ़ी चुनौटी और उतरावां के बीच खेला जाएगा खेल प्रेमियों को उम्मीद है कि फाइनल में भी एक कांटे की टक्कर देखने को मिलेगी स्थानीय दर्शकों में इस मैच को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा।

## कार व ट्रैक्टर की जोरदार भिड़ंत, तीन युवक गंभीर रूप से घायल

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। मंगलवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा गौरा स्थित एचपी पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार कार और ट्रैक्टर के बीच जोरदार टक्कर हो गई दुर्घटना में कार सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया देर रात हुआ हुवे हादसे का ट्रैक्टर चालक फरार मिली जानकारी के अनुसार घटना मंगलवार 13 जनवरी रात लगभग 10:30 बजे की सूचना मिलते ही मोहनलालगंज पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुँची वही राहगीरों ने बताया कि टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार UP65 BQ 1896 बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई पुलिस के पहुँचने से पहले ही ट्रैक्टर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया वहीं पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला और तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया घायलों की पहचान इस प्रकार हुई निलेश मिश्रा 23 वर्ष निवासी अंतू जनपद प्रतापगढ़ नीरज चौबे 19 वर्ष निवासी बदलापुर जनपद जौनपुर अमन सोनी 26 वर्ष निवासी जनपद प्रयागराज। पुलिस की कार्रवाई मोहनलालगंज पुलिस ने बताया कि दुर्घटना की जानकारी मिलते ही राहत कार्य शुरू कर दिया गया सभी घायलों के परिजनों को सूचना दे दी गई गनीमत रही कि हादसे के बाद मौके पर शांति व्यवस्था बनी रही और यातायात बाधित नहीं हुआ। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार को मार्ग से हटाकर यातायात सामान्य कराया।वर्तमान में पुलिस फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश कर रही और मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही स्थानीय लोगों का कहना है कि रात के समय तेज रफ्तार और कोहरे की संभावना के कारण अक्सर ऐसे हादसे होते रहते

## भीषण जाम में बेलगाम ऑटो व ई-रिक्शों के सामने शासन प्रशासन नंदमस्तक, जनता बेहाल

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज कस्बे में यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई कस्बे के मुख्य चौराहों और बाजारों में बेलगाम दौड़ते ऑटो और ई-रिक्शा आम जनता के लिए मुसीबत का सबब बन गए आलम यह कि यातायात नियमों को ताक पर रखकर ये चालक जहाँ जगह पाते वहीं अपना वाहन खड़ा कर देते जिससे दिनभर भीषण जाम की स्थिति बनी रहती

### अवैध पार्किंग और बेतरतीब संचालन

स्थानीय निवासियों का कहना कि कस्बे में ई-रिक्शा और ऑटो चालकों की मनमानी चरम पर सवारी बिठाने की होड़ में ये चालक सड़क के बीचों-बीच वाहन रोक देते मुख्य बाजार मार्ग पर इन वाहनों के बेतरतीब खड़े होने से पैदल चलना भी दूभर हो गया।

### पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल

हैरानी की बात यह है कि पुलिस प्रशासन इन समस्याओं से अवगत होने के बावजूद मूकदर्शक बना हुआ स्थानीय व्यापारियों का आरोप कि पुलिस द्वारा कोई ठोस अभियान न चलाए जाने के कारण इन चालकों के हौसले बुलंद पुलिस की सुस्ती का खामियाजा कस्बे की जनता को हर दिन जाम के झाम से जूझकर भुगतना पड़ रहा है।

### जनता की मांग

स्थानीय व्यापारियों व नागरिकों ने प्रशासन से मांग कि ऑटो और ई-रिक्शों के लिए निश्चित स्टैंड निर्धारित किए जाएं अवैध रूप से सड़क पर वाहन खड़ा करने वालों पर कठोर जुमार्ना लगाया जाए मुख्य चौराहों पर यातायात पुलिस की स्थायी तैनाती की जाए यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में कस्बे की यातायात स्थिति और भी भयावह हो सकती है।

## बिजली विभाग की घोर लापरवाही से करंट की चपेट में आकर मासूम झुलसा

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र की सैनिक विहार कॉलोनी में बिजली विभाग की घोर लापरवाही का मामला सामने आया है, जहां सुरक्षा मानकों की अनदेखी के चलते एक 8 वर्षीय मासूम हाई-वोल्टेज करंट की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया। घटना 11 जनवरी की बताई जा रही है। वर्तमान में पीड़ित बच्चा किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) में वेंटिलेटर पर भर्ती है और उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। स्थानीय लोगों के मुताबिक कॉलोनी में लगा विद्युत ट्रांसफार्मर जमीन से बेहद कम ऊंचाई पर रखा है और उसके चारों ओर कोई सुरक्षा जाली भी नहीं लगाई गई थी।कॉलोनीवासियों का कहना है कि वह लंबे समय से विद्युत विभाग से ट्रांसफार्मर को सुरक्षित करने की मांग कर रहे थे, लेकिन उनकी शिकायतों को लगातार नजरअंदाज किया गया। बिजनौर के सैनिक विहार कॉलोनी निवासी मजदूर राकेश पाल का 8 वर्षीय बेटा अर्पित पाल पास के एक स्कूल में यूकेजी का छात्र है। 11 जनवरी की दोपहर करीब 01:30 बजे अर्पित अपने घर के बाहर पतंग उड़ा रहा था। इसी दौरान पतंग ट्रांसफार्मर के ऊपर लगे तार में फंस गई और उसे निकालने के प्रयास में बच्चा ट्रांसफार्मर की चपेट में आ गया। हाई-वोल्टेज करंट से अर्पित गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन उसे पहले विनायक अस्पताल, बिजनौर ले गए, जहां हालत गंभीर देख इलाज से जवाब दे दिया गया। इसके बाद सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, फिर पीजीआई ट्रॉमा सेंटर और सिविल अस्पताल ले जाया गया। लेकिन आखिर में बच्चे को केजीएमयू रेफर कर दिया गया, जहां उसका इलाज जारी है। हैरत की बात यह है कि हादसे के दो दिन बाद, जब बच्चा जीवन-मृत्यु से जूझ रहा था, तब बिजली विभाग के कर्मचारियों ने आनन-फानन में ट्रांसफार्मर के चारों ओर लोहे की सुरक्षा जाली लगवाई। स्थानीय निवासियों ने विभागीय अधिकारियों पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की है।

## वरिष्ठ भाजपा नेता ने मूल गांव बनी में जनकल्याणकारी कार्यक्रम का किया आयोजन

ग्रामीणों को डबल बेड कंबल एवं खिचड़ी किट भेंट कर किया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। मकर संक्रांति पर्व की पूर्व संध्या पर बुधवार को वरिष्ठ भाजपा नेता शिव शंकर सिंह शंकरी ने सरोजनी नगर क्षेत्र के बंथरा स्थित अपने मूल गांव बनी में जनकल्याणकारी कार्यक्रम का आयोजन कर ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया।इस अवसर पर उन्होंने जरूरतमंद ग्रामीणों को उच्च गुणवत्ता वाले डबल बेड कंबल एवं खिचड़ी किट भेंट कर सम्मानित किया।खिचड़ी किट में बासमती चावल, दाल, देशी घी, नमक और अचार शामिल रहे।इस दौरान उन्होंने सभी ग्रामीणों को जलपान भी कराया और मकर संक्रांति पर्व की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिव शंकर सिंह शंकरी ने गांव के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की और ग्रामीणों के सहयोग के प्रति आभार जताया। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के धार्मिक एवं सांस्कृतिक विकास के तहत श्री रेतेश्वर धाम मंदिर का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिसके लिए शासन से पांच करोड़ 32 लाख रुपये की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। इसके साथ ही 27.46 लाख रुपये की लागत से पंचायत भवन निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा।शिव शंकर सिंह ने कहा कि वह एक साधारण किसान परिवार से आते हैं और आज जो भी उपलब्धि उन्हें मिली है, वह ग्रामीणों के आशीर्वाद और समर्थन का परिणाम है।उन्होंने सरोजनी नगर विधानसभा के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह का विशेष रूप से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र में व्यापक विकास कार्य संभव हो सके हैं।इस कार्यक्रम में प्रधान बनी रमेश गुप्ता, पूर्व प्रधान राकेश सिंह, पार्षद मनोज रावत सहित कई गणमान्य लोग और सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## शादी का झांसा देकर दो साल तक युवती का शोषण, आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। निगोहा के एक गांव की युवती को प्रेमजाल में फंसाकर शादी का धोखा देकर लगातार दो वर्षों तक यौन शोषण करने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया बुधवार को पुलिस ने राजाखेड़ा मजरा मीरानपुर निवासी अनूप को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। निगोहां थानाध्यक्ष अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि आरोपी अनूप ने युवती से प्रेम संबंध स्थापित कर उसे शादी का भरोसा दिलाया इसी भरोसे का फायदा उठाते हुए उसने लंबे समय तक युवती का शारीरिक शोषण किया जब युवती ने शादी के लिए दबाव बनाया तो आरोपी लगातार बहाने बनाने लगा और बाद में शादी से साफ इनकार कर दिया। आरोपी ने दूसरी युवती से विवाह भी कर लिया। पीड़िता ने अपने परिजनों को पूरी घटना बताई जिसके बाद तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया पीड़िता के बयान और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की संलिप्तता स्पष्ट होने पर पुलिस ने बुधवार को उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से अभियुक्त को जेल भेज दिया गया।

## अंडर 19 क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य हुआ शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार

निगोहां । निगोहां के नगराम रोड रेलवे क्रॉसिंग के पास बुधवार को अंडर 19 क्रिकेट टूनामेंट का भव्य शुभारंभ हुआ टूनामेंट का उद्घाटन एडवोकेट अभय प्रताप सिंह ने फीता काटकर किया इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उन्हें खेल भावना के साथ खेलने की सलाह दी। पहला लीग मैच बघौना और भटपुरा के बीच खेला गया जिसमें बघौना ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। भटपुरा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 115 रन बनाए।लक्ष्य का पीछा करने उतरी बघौना की टीम 57 रन पर ऑल आउट हो गई। भटपुरा ने 58 रन से मैच जीतकर टूनामेंट की शुरूआत जीत के साथ की ! इस मैच में भटपुरा के बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया जबकि बघौना के गेंदबाजों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन भटपुरा की बल्लेबाजी के आगे बघौना की टीम नहीं टिक सकी। टूनामेंट के आयोजकों ने बताया कि इस टूनामेंट में आसपास के गांवों की टीमें भाग ले रही टूनामेंट का फाइनल मैच अगले सप्ताह आयोजित किया जाएगा। क्या आप इस टूनामेंट के अगले मैच के लिए उत्साहित

### आज होगा बोले बाबा क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज

देश भर से पहुंचेंगे खिलाड़ी

पूर्व मंत्री सहित कई दिक्कज करेंगे उद्घघाटन

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। निगोहां के दखिना स्तिथ टोल प्लाजा के पास बोले बाबा का 8 वां क्रिकेट टूनामेंट का आज( गुरुवार ) को आगाज होगा जिसका उद्घघाटन पूर्व मंत्री स्वतंत्र प्रभार स्वाती सिंह मोहनलालगंज चेयरमैन प्रतिनिधि सत्यम पाण्डेय, कारिणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह दीपू द्वारा भव्य उद्घघाटन किया जाएगा।इस ओपन टूनामेंट के आयोजक किसान नेता अनमोल तिवारी के अनुसार टूनामेंट में 16 टीमो ने हिस्सा लिया है जिसमे देश भर के कई जिलों से खिलाड़ी शामिल हो रहें वहीं टूनामेंट के सह आयोजक टूनामेंट के फाइनल विजेता को पल्सर बाइक और 5100 का पुरुस्कार दिया जाएगा ही उपविजेता को टीवी एस बाइक और 2100 के पुरुष्कार से नवाजा जाएगा इसके अलावां मैंन ऑफ द सीरीज को 5100 के पुरुष्कार से नवाजा जाएगा।

## युवती ने पूर्व परिचित युवक पर फेक आई डी बनाकर अश्लील फोटो वीडियो भेजने का आरोप, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। पीजीआई कोतवाली क्षेत्र में रहने वाली एक युवती ने अपने पूर्व परिचित युवक पर फेक आई डी बनाकर अश्लील वीडियो फोटो भेजने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर केस दर्ज कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है। मिली जानकारी के मुताबिक, चरन भट्ठा रोड पीजीआई में रहने वाली एक युवती ने बताया कि और मूलरूप से रायबरेली की रहने वाली है।उसने पुलिस को दी तहरीर मे बताया कि वह कुछ दिन पहले तक चन्द्र कुमार यादव से फोन बात करती थी। लेकिन बाद में पता चला कि आरोपी युवक किसी अन्य युवती के भी संपर्क में है।यह जानकारी होने पर, पीड़ित युवती ने आरोपी युवक से बात करनी बंद कर दी थी।इस बात से आक्रोशित आरोपी ने युवती के नाम से फेक आई डी बनाकर गन्दी गन्दी वीडियो, फोटो स्टोरी डालकर वायरल कर रहा है।और जान से मारने की धमकी देता है। जानकारी के मुताबिक आरोपी युवक भी रायबरेली का ही रहने वाला है ।

## काकोरी में थ्री व्हीलर लोडर से संदिग्ध मांस बरामद, चालक हिरासत में

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। काकोरी कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने एक थ्री व्हीलर लोडर से संदिग्ध मांस बरामद कर हड़कंप मचा दिया। यह लोडर हरदोई जनपद के कासिमपुर थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, 14 जनवरी 2026 को शाम करीब 5 बजे बजरंग दल के सुशील कुमार ने पुलिस को दूरभाष पर सूचना दी कि थ्री व्हीलर लोडर संख्या वढ 32 क्यू टी 3815 में गोवंश का मांस ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और लोडर को रोककर कब्जे में ले लिया। तलाशी के दौरान लोडर में रखे गत्ते के काटूनों में रिम पेपर के साथ मांस के 6 पैकेट बरामद हुए, जिनका कुल वजन लगभग 10 से 12 किलो बताया जा रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने पशु चिकित्सा विभाग को सूचना देकर मांस की जांच के लिए सैंपल भेज दिया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने लोडर चालक राकेश पुत्र महेंद्र कुमार, निवासी ग्राम जरहा, थाना कासिमपुर, जनपद हरदोई को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पूछताछ में चालक ने बताया कि वह पोर्टर का कार्य करता है और यह माल उसे ऑनलाइन बुकिंग के माध्यम से प्राप्त हुआ था। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है। मांस की जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षेप

### लगी आग लाखो का सामान जलकर राख

**अमन लेखनी समाचार**

हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के फरहदपुर मे भोर पहर आग लगने से लाखो का नुकसान आम की पैकिंग करने वाली प्लास्टिक की कैरेट आग मे जलने से स्वाहा हो गई

हसनगंज क्षेत्र के फरहदपुर मे एक गेस्टहाउस के पीछे रखी आम पैकिंग करने के लिए प्लास्टिक की दस हजार कैरेट जलकर राख हो गई ग्रामीणों ने बताया एक मंदबुद्धि युवक भोर पहर आग जलाकर ठंड से बचाव कर रहा था उसके जाने के बाद अचानक आग लगने की लपटें ऊंची ऊंची उठने लगी यह देख सामने एक होटल पर जलपान कर रहे थे लोग आग बुझाने के लिए दौडे.लेकिन आग भयावह हो गई देखते देखते दस हजार खाली कैरेट जल गई गनीमत रही कि बगल मे ही पीएनबी बैंक है जो बच गई स्थानीय निवासियों ने पुलिस व फायर ब्रिगेड को सूचना दिया मौके पर पहुंच कर फायर ब्रिगेड ने आग को बुझाया पुलिस ने लोगों से पूछताछ की तो खाली आम की प्लास्टिक के कैरेट आम व्यवसायी आदमपुर बरेठी निवासी राजकिसोर सिंह उर्फ पप्पू थाना सोहरामऊ की है जिनकी बाजारु कीमत दस लाख रुपये की लगभग है जो आम पैकिंग के लिए गेस्टहाउस के पीछे रखी थी आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड की आधा दर्जन टीम मौके पर पहुंची थी।


### 17 जनवरी को गरीब किसान न्याय पंचायत व प्रदर्शन यात्रा

**अमन लेखनी समाचार**

पुरवा, उन्नाव। भारतीय किसान यूनियन (बैसवारा) के तत्वावधान में 17 जनवरी को गरीब किसान न्याय पंचायत एवं प्रदर्शन यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह यात्रा सुबह 11 बजे श्री बिलेश्वर मंदिर, पुरवा से प्रारंभ होकर पैदल मार्च के रूप में पुरवा तहसील परिसर तक पहुंचेगी भारतीय किसान यूनियन (बैसवारा) के प्रदेश अध्यक्ष पवन शुक्ला ने बताया कि वर्तमान समय में क्षेत्र के किसान खनन विभाग, पुलिस विभाग एवं विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली से परेशान हैं। किसानों का आरोप है कि अनावश्यक कार्रवाई, उत्पीड़न और जबरन वसूली जैसी समस्याओं के चलते किसान मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान हैं। इन्हीं मुद्दों को लेकर न्याय पंचायत के माध्यम से किसानों की समस्याएं सार्वजनिक रूप से उठाई जाएंगी और प्रशासन का ध्यान आकृष्ट किया जाएगा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यह आंदोलन शांतिपूर्ण रहेगा और किसानों की मांगों को ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन तक पहुंचाया जाएगा। यात्रा के दौरान किसान अपने अधिकारों, समस्याओं और समाधान की मांग को लेकर एकजुट होकर प्रदर्शन करेंगे आयोजकों के अनुसार, इस न्याय पंचायत एवं प्रदर्शन यात्रा में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में किसानों के शामिल होने की संभावना है। किसान संगठन ने सभी किसानों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# पति ने पत्नी की हत्या करने के बाद खुद भी फांसी के फंदे पर झूल कर दी जान

**अमन लेखनी समाचार**

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के मोहल्ला नौनिहाल गंज की संगम कालोनी में मंगलवार की रात पति-पत्नी के बीच कलह के चलते दर्दनाक हादसा हो गया। पति ने अपनी पत्नी की जमकर पिटाई करने के बाद गला घोटकर उसकी हत्या कर दी। बाद में पति ने मकान के जंगले से रस्सी के सहारे फांसी के फंदे पर झूलकर अपनी जान दे दी। पड़ोसियों के जरिए घटना की सूचना मिलते ही रिस्तेदारी में मौजूद मृतक की मां और उसके दो अबोध बच्चों को लेकर घर लौटी और अपने बेटे और बहू की मौत का वीभत्स नजारा देखते ही दहाड़े मारकर रोने-बिलखने लगी। पुलिस ने दोनों शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया।

नगर की संगम कालोनी निवासी संजय 42 वर्ष पुत्र स्वर्गीय देवीदयाल अपनी पत्नी वंदना 38 वर्ष और मां सियादुलारी अपने दो अबोध बेटों के साथ स्वयं के मकान में रहता चला आ रहा था। बीते कई माह से संजय और उसकी पत्नी वंदना के बीच अज्ञात कारणों के चलते आए दिन झगड़ा और मारपीट होती रहती थी। इसीलिए मां सियादुलारी अपने पौत्र हर्ष 5 वर्ष और पौत्री खुशी 7 वर्ष को लेकर रात के समय अपने आवास से करीब 300 मीटर दूर शांति मोहन फ्लोर मिल के निकट अपने रिश्तेदार के यहां सोने चली जाती थी। बीते मंगलवार की शाम रोज की तरह मां सियादुलारी अपने अपने पौत्र-पौत्री को लेकर अपनी रिस्तेदारी चली गई थी। जबकि संजय अपनी पत्नी के साथ अपने घर पर थे। पड़ोसियों के अनुसार रात को समय पति-पत्नी दोनों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ और संजय ने अपनी पत्नी वंदना की पिटाई करने के बाद गला घोटकर उसकी हत्या कर दी। बाद में संजय ने भी अपने मकान के आंगन में पड़े जाल से रस्सी बांधकर छत से फांसी के फंदे पर झूल गया। आज बुधवार की सुबह पड़ोसियों ने उसे दीवार के किनारे फांसी के फंदे पर लटका देखकर घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस अंदर से बंद मुख्य दरवाजे को किसी तरह तोड़कर घर के अंदर घुसी तो पत्नी वंदना का लहूलुहान शव भी आंगन में पड़ा मिला। पड़ोसियों के जरिए घटना की खबर मिलते ही मां सियादुलारी अपने पौत्र-पौत्री को लेकर आनन-फानन अपने घर पहुंची और बेटे और बहू दोनों के शव देखते ही बिलख -बिलखकर रोने लगी। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अखिलेश चंद्र पांडेय ने बताया कि मां की तहरीर पर दोनों शवों को पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेजा जा रहा है। रिपोर्ट आने पर घटना की जांच कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# फाइलेरिया मरीजों नियमित दवा खाने की दिलाई शपथ

**अमन लेखनी समाचार**



बीघापुर, उन्नाव। फाइलेरिया से गांव को मुक्त करने के उद्देश्य से इंदेमऊ गांव में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) द्वारा विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सीएचओ ने सभी ग्रामीणों को फाइलेरिया की दवा नियमित रूप से खाने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई। साथ ही घर के आसपास साफ-सफाई रखने, पानी जमा न होने देने और मच्छरों से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में बताया गया कि फाइलेरिया रोग क्यूलेक्स प्रजाति के मच्छर के काटने से होता है, जो प्रायः गंदे पानी, नालियों और खुले जलजमाव में पनपता है। यह रोग धीरे-धीरे शरीर के लसीका तंत्र को प्रभावित करता है, जिससे हाथ-पैर में सूजन (हाथीपांव), पुरुषों में अंडकोष की सूजन तथा महिलाओं में स्तनों में सूजन जैसी गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

सीएचओ ने बताया कि फाइलेरिया से बचाव के लिए सरकार द्वारा दी जाने वाली दवा का सेवन अत्यंत आवश्यक है, चाहे कोई लक्षण दिखाई दें या नहीं। दवा खाने से शरीर में मौजूद परजीवी नष्ट होते हैं और रोग फैलने की कड़ी टूटती है।

**फाइलेरिया से बचाव के प्रमुख उपाय:**

सरकारी अभियान के तहत दी जाने वाली दवा अवश्य खाएं।

घर और आसपास साफ-सफाई रखें, नालियों में पानी जमा न होने दें।

कूलर, टंकी, गमले आदि में जमा पानी नियमित रूप से खाली करें।

मच्छरदानी का प्रयोग करें और शाम के समय पूरे कपड़े पहनें।

मच्छर नियंत्रण के लिए फॉगिंग व लार्वा नाशक उपाय अपनाएं।

इस अवसर पर सीएफआर के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर उमैर सिद्दीकी, सीएचओ सौम्या, आशा कार्यकर्ता सरला, ममता बचपेई, पूजा, ममता पाल, रीता तथा ग्राम प्रधान मनोज सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने फाइलेरिया उन्मूलन में सहयोग करने और गांव को इस रोग से मुक्त बनाने का संकल्प लिया।

# महिला ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला की समाप्त

**अमन लेखनी समाचार**

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के सैदानी गांव में बुधवार देर रात एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान रंजीत खेड़ा निवासी बसंत कुमार की पत्नी रीमा देवी (28) के रूप में हुई है। बसंत कुमार एक वकील के पास मुंशी हैं। घटना रात करीब 9:30 बजे हुई।पति बसंत कुमार के अनुसार, रीमा देवी ने घर में साड़ी का फंदा बनाकर पंखे से लटककर जान दे दी। बसंत की मां ने उन्हें इसकी सूचना दी, जिसके बाद बसंत रीमा को गंभीर हालत में सीएचसी बांगरमऊ ले गए। वहां डॉक्टरों ने रीमा देवी को मृत घोषित कर दिया।बसंत कुमार ने पुलिस को बताया कि उनकी पत्नी रीमा देवी अपने मायके उमरिया भगवंतपुर (थाना फतेहपुर 84) जाना चाहती थीं और इसके लिए 10,000 रुपये की मांग कर रही थीं। बसंत ने रुपये न होने की बात कहकर 15 तारीख को देने का आश्वासन दिया था।इसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था।बसंत कुमार के मुताबिक, वह मदार नगर गांव जमीन के सिलसिले में गए थे। घर लौटने पर पत्नी ने उनके शराब पीने की बात कही, जिस पर झगड़ा हुआ। झगड़े के बाद बसंत बाहर चारपाई पर लेट गए थे।मृतका का एक 2 साल का बेटा न्नत है। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।कोतवाली प्रभारी अखिलेश चंद्र पांडे ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है और सभी पहलुओं पर जांच पड़ताल की जा रही है।

# मकर संक्रांति पर निकली 15वीं साईं शोभायात्रा

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। मकर संक्रांति के अवसर पर 15वीं साईं शोभायात्रा का भव्य आयोजन किया गया। साईं मंदिर के संस्थापक सुरेंद्र वर्मा 'बाबा' के नेतृत्व में निकाली गई इस यात्रा का नगर में जगह-जगह जोरदार स्वागत हुआ। शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण साईं जी का रथ रहा, जिसे श्रद्धालु अपने साथ लेकर चल रहे थे। इसमें कथावाचक आचार्य लंकेश जी महाराज, कथावाचक दिव्या अवस्थी और वृंदावन से पधारे महाराज सुशील जी सहित बड़ी संख्या में संत-महात्मा और भक्तगण शामिल हुए।यात्रा में राधा-कृष्ण, साईं, भोलेनाथ, राम जी, हनुमान, भारत माता, दुर्गा माता और भूतों की टीम सहित सैकड़ों झांकियां शामिल थीं। इन झांकियों के साथ ढोल-नगाड़ों की टीम ने भी अपनी प्रस्तुति दी।हरदोई पुल के पास उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के अध्यक्ष अमित मिश्रा और उनकी टीम ने शोभायात्रा का स्वागत किया। इसके बाद सपा नेता मंजीत यादव और समाजसेवी प्रभात सिन्हा ने भी यात्रा का अभिनंदन किया। हरदोई पुल के आगे सदर विधायक पंकज गुप्ता ने साईं शोभायात्रा का स्वागत करते हुए सुरेंद्र वर्मा 'बाबा' को शॉल भेंट की। गुरुद्वारा के सामने सिख समुदाय के वरिष्ठ सदस्यों ने सुरेंद्र वर्मा का स्वागत किया। आईबीपी चौराहा, बस स्टैंड और बड़ा चौराहा पर राज गारमेंट के मालिक राम जी गुप्ता और सभासद मनोज यादव ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का अभिनंदन किया। समाजसेवी और भजन होटल के मालिक सुमित सोनी ने भी शोभायात्रा का स्वागत किया। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण मिश्रा 'भानू' ने शहर में जोरदार स्वागत किया, जबकि छोटा चौराहा पर व्यापारियों , मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा स्वागत किया गया और लोक नगर मोड़ पर कांग्रेस नेता तन्मय श्रीवास्तव ने टीम के साथ फूल वर्षा कर सुरेंद्र वर्मा का अभिनंदन किया।यह शोभायात्रा छोटा चौराहा और लोक नगर से होते हुए साईं पुरम चौरा मोड़ स्थित साईं मंदिर पहुंची। मंदिर में भजन-कीर्तन और आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर सौरभ वर्मा, नीरज, केशव, सचिन वर्मा, मानस सहित सैकड़ों भक्तगण उपस्थित रहे।

# ग्राम समाज की जमीन को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक

**अमन लेखनी समाचार**



सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के कलानी ग्राम प्रधान पर ग्राम समाज की खलिहान के लिए सुरक्षित भूमि पर अवैध निर्माण कराने का आरोप लगाते हुए कुछ लोगों ने एसडीएम से शिकायत कर निर्माण रुकवाया जाने की मांग की थी। राजनीतिक विद्वेष बस निर्माण रुकवाने की शिकायत पर आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रधान के नेतृत्व में खुली बैठक कर ग्राम प्रधान द्वारा गांव के विकास के लिए कराए जा रहे सी एस सी निर्माण को पूरा समर्थन देते हुए एसडीएम से शिकायतकर्ताओं के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। गांव वासियों का कहना है कि गांव के हित के लिए ग्राम समाज की भूमि का उपयोग किया जा रहा है। बैठक में प्रमुख रूप से शिव प्रकाश सिंह,दुर्गेश सिंह, राम कुमारी, मालती, किरण, प्रदीप कुमार, गंगा नारायण शास्त्री, शिव शंकर ,अजय शर्मा, रामकुमार सहित एक सैकड़ा लोग रहे।

# होलिका दहन की जमीन पर कब्जा करने का किया प्रयास

**अमन लेखनी समाचार**



बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के मदार नगर गांव में होलिका दहन की जमीन पर अवैध कब्जे का प्रयास किया गया। ग्रामीणों के विरोध और ग्राम प्रधान की सूचना पर हल्का लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य रुकवा दिया। इस संबंध में जांच रिपोर्ट तहसील प्रशासन को सौंपी गई है।जानकारी के अनुसार, गांव के एक विशेष समुदाय द्वारा होलिका दहन स्थल पर जबरन कब्जा किया जा रहा था। इस संबंध में 30 दिसंबर को भी शिकायत की गई थी। बुधवार, 14 जनवरी को दबंगों द्वारा ट्रैक्टर-ट्रॉली से सरकारी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया गया, जिसका स्थानीय लोगों ने विरोध किया।

ग्राम प्रधान ने तत्काल एसडीएम और हल्का लेखपाल को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंचे हल्का लेखपाल धर्मेंद्र कुमार ने कब्जा कर रहे लोगों को काम रोकने का निर्देश दिया। ग्रामीणों, जिनमें रामसेवक, नंदीलाल और पवन शामिल हैं, ने आरोप लगाया कि विरोध करने पर उन्हें सरकार बदलने के बाद गांव से भगा देने और जान से मारने की धमकी दी गई।

ग्रामीणों ने बताया कि यह अवैध कब्जा किसान सेवा केंद्र के मुख्य द्वार और होलिका दहन की जमीन पर किया जा रहा था। स्थानीय लोगों की मांग है कि यह भूमि सैकड़ों वर्षों से होलिका दहन के लिए उपयोग की जाती रही है। पप्पू पाल, रामखेलावन, रामकिशन, नंदराम, रामसागर, करणपाल और विनीत पाल सहित कई ग्रामीणों ने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बच्चू लाल कुशवाहा ने पुष्टि की कि यह होलिका दहन की पारंपरिक भूमि है और लेखपाल द्वारा कब्जा रुकवा दिया गया है। हल्का लेखपाल धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि उन्होंने मौके पर जांच कर रिपोर्ट तहसील प्रशासन को सौंप दी है और अवैध कब्जे को रुकवा दिया गया है।

# ड्यूटी पर जा रहे बाइक सवार होमगार्ड की मार्ग दुर्घटना में मौत

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। दही चौकी पुरवा मार्ग पुरवा कोतवाली क्षेत्र के ग्यारह मील मोड़ के निकट घर से ड्यूटी बाइक पर जा रहे होमगार्ड की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पर पहुँची पुलिस ने आधार कार्ड से पहचान कर परिजनों को सूचना दी। साथ ही शव को पीएम को भेज दिया है। असोहा थाना क्षेत्र के शाहपुर गाँव के रहने वाले हरीशंकर 53 वर्ष पुत्र महावीर उन्नाव सदर कोतवाली में होमगार्ड के पद पर तैनात थे। बुधवार सुबह घर से बाइक पर सवार होकर ड्यूटी पर जाने के लिए निकले। तभी दही चौकी पुरवा मार्ग पुरवा कोतवाली अंतर्गत ग्यारह मील मोड़ के निकट एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से मौके पर ही मौत हो गईं। राहगीरों की सूचना पर पहुँची पुलिस ने आधार कार्ड से होमगार्ड के आवासीय पते की पहचान कर परिजनो को सूचना दी। साथ ही शव को पीएम को भेज दिया है। मृतक के तीन बेटों में विकास, आकाश, सुभाष , बेटी नैना व पत्नी गुड़िया देवी हैं।बच्चो के सर से पिता का साया उठने व पत्नी की मांग का सिंदूर उजड़ने से रो रोकर बेहाल रहे।

कोतवाल अमरनाथ यादव ने बताया कि शव पीएम को भेज दिया गया है,अभी तक परिजनों ने तहरीर नही दी है तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# खुदाई करते समय जमीन से निकली खाटू श्याम की मूर्ति

**अमन लेखनी समाचार**



हसनगंज, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के बीचपरी गांव में खुदाई करने पर खाटू श्याम की मूर्ति निकली जिससे ग्रामीणों सहित आसपास चर्चा का विषय बना हुआ है देखते ही देखते सैकड़ो की तादाद में ग्रामीण एकत्रित हो गए। पूजा अर्चना के साथ व्यवस्थित तरीके से ग्रामीणों ने पीपल के पेड़ के नीचे मूर्ति को स्थापित कर दिया।जिसमें खूब रुपए भी चढ़ रहे हैं। वहीं कुछ ग्रामीण इसे अंधविश्वास से जोड़ रहे हैं तो कोई भक्ति भाव से।

कोतवाली क्षेत्र के बिचपुरी गांव निवासी मनोहर लाल का 25 वर्षीय बेटा अमरपाल इटावा में रहकर बी फार्मा की पढ़ाई करता है। जिसने बताया कि उसे कई माह से स्वप्न में खाटू श्याम दिख रहे थे। और घर के बाहर स्थित पीपल के पेड़ के नीचे खुद को दबे होने की बात कह रहे थे। अमरपाल ने बात की प्रतिदिन स्वप्न से परेशान थे जिससे नींद भी नहीं आती थी। बीते 7 जनवरी को इटावा से घर आकर परिजनों को जानकारी दी। जिस पर बुधवार सुबह ग्रामीणों व परिजनों के साथ पीपल के पेड़ के नीचे खुदाई की जिससे डेढ़ फीट खुदाई करने के बाद पीली धातु की खाटू श्याम से प्रतीत मूर्ति निकली। देखते ही देखते ग्रामीण सहित आसपास क्षेत्र के सैकड़ो लोग एकत्रित हो गए। जिसकी जानकारी प्रशासन को भी दी गई है। वहीं पर युवक व ग्रामीणों ने पीपल के पेड़ के नीचे मूर्ति को स्थापित कर दिया है। देखने वालों को ताता लगा है जहां पर पैसे भी चढ़ रहे हैं।

# आक्रोशित अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में किया प्रदर्शन

**अमन लेखनी समाचार**



बांगरमऊ, उन्नाव। इन दिनों शातिर चोरों के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। बेखौफ चोर आए दिन तहसील परिसर में चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से अधिवक्ताओं और कर्मचारियों में भारी आक्रोश है। आक्रोशित अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में प्रदर्शन कर 24 घंटे में चोरी की वारदातो का खुलासा करने की मांग उठाई है । क्षेत्र के ग्राम आसत मोहीउद्दीनपुर निवासी रिंकू कुमार पुत्र जगदीश तहसील परिसर में लोहे का काउंटर रख फोटोकॉपी करने का काम करता है। बीती 13/14 जनवरी की रात चोरों ने रिंकू के काउंटर का ताला काटकर वहां रखा कीमती बैट्रा चुरा लिया। पीड़ित जब आज सुबह तहसील पहुंचा तो चोरी की जानकारी हुई। जिसके बाद तहसील में हड़कंप मच गया। गौरतलब है कि इससे पहले भी तहसील परिसर में स्टांप वेंडर अमन तिवारी समेत चार से पांच लोगों के बस्तो पर चोरी हो चुकी हैं। लेकिन अब तक किसी भी घटना का खुलासा नहीं हो सका है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि तहसील परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे वारदात के दिन बंद रहते हैं। इसी को लेकर आक्रोशित अधिवक्ताओं ने सीसीटीवी संचालन की जिम्मेदारी संभाल रहे मुकेश गौतम तथा उनके साथियों अजय और सिद्धनाथ पर चोरी की आशंका जताई है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से नाराज अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया और कामकाज पूरी तरह बंद करने की चेतावनी दी। सूचना मिलने पर कोतवाल अखिलेश चंद पांडेय मौके पर पहुंचे और अधिवक्ताओं को समझाया। उन्होंने चोरी की घटनाओं का शीघ्र खुलासा करने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया। जिसके बाद धरना-प्रदर्शन समाप्त हुआ। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# एसडीएम ने की बीएलओ के साथ बैठक




**अमन लेखनी समाचार**

पुरवा, उन्नाव। तहसील सभागार में 167-विधानसभा पुरवा के सभी बीएलओ की बैठक एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने ली और उचित दिशानिर्देश दिए। इस दौरान तहसीलदार व अन्य मातहत उपस्थित रहे बूथ लेवल आफीसर की बैठक में उपजिलाधिकारी प्रमेश श्रीवास्तव ने कहा कि फार्म 6 को अधिक से अधिक संख्या में भरवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि जिन युवक या युवती की आयु 18 वर्ष पूर्ण हो रही है, उनके लिए फार्म 6 भराया जाए। साथ ही नवविवाहिताओं के नाम भी जोड़े जाएं। आगामी 18 जनवरी को बूथ पर बैठकर अभियान चलाते हुए नये नाम मतदाता सूची में शामिल किए जाएं। साथ ही जिन मतदाताओं की फोटो स्पष्ट नहीं है, उनकी नवीन फोटो भी अपलोड की जाए। साथ ही जारी होने वाली नोटिस की भी तामील कराई जाई। बैठक में तहसीलदार मनीष द्विवेदी व सभी बीएलओ उपस्थित रहे ?।

# कॉलेज परिसर में छत्र छत्राओं को वितरण किए गए स्वेटर

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। विकास खंड मियागंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत आसीवन तरफ पश्चिम में स्थित राजकीय हाईस्कूल विद्यालय में बुधवार को प्राचार्या ममता देवी सहित स्टाफ द्वारा ठंड से बचाव के लिए कक्षा 9 के 55 और कक्षा 10 के 77 छात्र छात्राओं को स्वेटर वितरित किए प्राचार्या ने बताया कि आठवीं तक बच्चों को सरकार द्वारा उपलब्ध कराया जाता है लेकिन कक्षा 9/10 के बच्चे जोकि ज्यादातर स्वेटर पहन कर नहीं आते और जो आते हैं वह अलग अलग रंग के जो ठीक नहीं दिखता इसलिए निजी खर्च पर शुरूआत की गयी है कि जब एक रंग में सभी बच्चे विद्यालय आयेंगे तो उन्हे भी अच्छा लगेगा इस अवसर पर शिक्षिका शीला देवी, शकीबा, रीना त्रिपाठी, शिप्रा सिंह, कृष्णा कुमारी, नेहा सैनी, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रिजवान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## माइनर की कटी खांदी गंगा एक्सप्रेसवे पर भरा पानी

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। मियागंज चकलवंशी मार्ग पर सलेम पुर माइनर में खांदी कट जाने से गंगा एक्सप्रेस वे के पास सड़क पर पानी भर जाने से सडक पर बडे-बडे गढ्ढे हो गए हैं जिससे आने जाने वाले राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है इसके बावजूद भी विभाग द्वारा कोई समुचित व्यवस्था नहीं की जा रही है। सिंचाई विभाग द्वारा दिसंबर माह में माइनर रजबहों की सफाई कराई गयी थी साफ-सफाई के लिए लगाए गए ठेकेदारों द्वारा बडे पैमाने पर मानकों को ताक पर रख कर महज खानापूर्ति की गयी जिसका नतीजा है कि अधिकांश माइनरों में पानी छोडते ही खांदी कटने का सिलसिला आम बात है दो दिनों से सलेम पुर माइनर में सडक मार्ग के पास स्थित पुलिया के पास खांदी कटी हुई है और पानी गंगा एक्सप्रेस वे के पास सड़क मार्ग से निकल रहा है जिसके चलते सडक मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है और वाहन चालकों को परेशानी हो रही है ग्रामीणों में बृजेश सिंह, सरवन, रिंकू, राजेश, प्रबल सहित लोगों का कहना है कि सडक मार्ग पर पानी भरने से बड़े वाहनों के कारण सडक मार्ग पर बडे-बडे गढ्ढे हो गए हैं जिसमें फस कर दो पहिया वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं।

## सम्पादकीय

# अमेरिका का दूसरों के मामलों में दखल क्यों

जब आकांक्षाएं बदलती हैं तो इसका असर कहीं न कहीं दिखाई देता ही है। ऐसा ही काम अब दुनिया का सबसे शक्तिशाली राष्ट्र अमेरिका कर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप हर देश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करते नजर आते हैं। हाल ही में टैरिफ से दुनिया में हलचल मचाने वाले ट्रंप युक्रेन, वेनेजुएला के बाद अब ईरान में भी हस्तक्षेप कर रहे हैं। हालांकि अमेरिका की शुरू से ही दूसरों के मामलों में टांग अड़ाने की आदत रही है। आखिर अमेरिका जैसे देश का दूसरे देशों के मामले में हस्तक्षेप कहां तक उचित है। वह भी तब, जब दुनिया में बदलाव की बयार चल रही हो। अब मामला ईरान का है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान का कहना है कि अमेरिका और इज़राइल ईरान में दंगे भड़काकर अराजकता और अव्यवस्था फैलाना चाहते हैं। उन्होंने ईरानियों से दंगाइयों और आतंकवादियों से दूरी बनाए रखने का आह्वान किया। बता दें कि ईरान में धार्मिक सत्ता को चुनौती देने वाले राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शनों को दो सप्ताह से अधिक समय हो चुका है। हिंसक प्रदर्शनों में अब तक 190 लोगों की जान जा चुकी है। ईरान के संसद अध्यक्ष ने चेतावनी दी कि अगर अमेरिका राष्ट्रपति ट्रम्प की धमकी के अनुसार इस्लामी गणराज्य पर हमला करता है, तो अमेरिकी सेना और इज़राइल उसके वैध लक्ष्य होंगे। ईरान का कहना है कि अमेरिका न सिर्फ अशांति एवं असुरक्षा का वातावरण बना रहा है, अपितु आतंकवाद और हिंसा भी भड़का रहा है। साथ ही, उसने यह भी आरोप लगाया कि ईरान में आर्थिक समस्याओं की बड़ी वजह अमेरिका द्वारा लगाए गए अवैध एवं अन्यायपूर्ण प्रतिबंध हैं। हालांकि अमेरिका का कहना है कि वह ईरान में मानवाधिकारों की रक्षा और परमाणु समझौते के पालन को सुनिश्चित करना चाहता है। ईरान का मानना है कि वह उसके आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप कर रहा है और अशांति फैला रहा है। अमेरिका एक वैश्विक शक्ति है और वह अपने हितों को बचाने के लिए दूसरों के मामलों में दखल देता है। बता दें कि ईरान में अमेरिका के दखल का इतिहास 1953 से शुरू होता है, जब अमेरिका ने ईरान के प्रधानमंत्री मोहम्मद मोसादेघ की सरकार का तख्तापलट करवा दिया था। इसके बाद ईरान में शाह वंश का शासन स्थापित हुआ, जो अमेरिका के इशारों पर काम करता था। 1978 के बाद से अमेरिका की दुश्मनी ईरान के साथ ज्यादा बढ़ गई। ईरान को कंट्रोल करने के लिए 1979 के बाद से अमेरिका ने कई कवायद की, लेकिन उसे सफलता नहीं मिल पाई। आखिरी बार जून 2025 में जब अमेरिका ने ईरान पर हमला किया था, तो उस वक्त ईरान ने होर्मुज के नीचे बारूद बिछवा दिया। इसकी वजह से आनन-फानन में अमेरिका को सीजफायर करना पड़ा। अब ट्रंप नए सिरे से ईरान पर कंट्रोल हासिल करने की प्लानिंग में हैं। कहा यह भी जा रहा है कि ईरान की इकोनॉमी मुख्य रूप से ऑयल और नैचुरल गैस पर निर्भर है। ईरान के पास 208209 अरब बैरल तेल अभी भी है। ये दुनिया के कुल प्रमाणित तेल भंडार का 12% हिस्सा है। ईरान को सऊदी अरब और इजराइल का विरोधी माना जाता है। ये दोनों ही देश अमेरिका के करीबी हैं। अमेरिका की नजर ईरान के ऑयल और गैस रिजर्व पर है। अगर अमेरिका, ईरान पर कंट्रोल कर लेता है, तो दुनिया के व्यापार का 20% उसके कब्जे में आ जाएगा। अमेरिका की खास दिलचस्पी होर्मुज स्ट्रेट और फारस की खाड़ी को लेकर भी बताई जा रही है।



जयंती विशेष
शिवप्रकाश

स्वामी विवेकानंद कुशाग्र बुद्धि, युवा प्रणेता, शिक्षा उन्नायक, समाज सुधारक, धर्म प्रचारक एवं समरसता के प्रेरक जैसे गुणों से युक्त थे। 11 सितंबर 1893 के विश्व धर्म सभा के अपने भाषण के कारण विश्व प्रसिद्ध हो गए। भारत सरकार ने 1984 से स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस को "युवा दिवस" के रूप में मनाने का निर्णय लिया। वे स्वतंत्रता आंदोलन के महान क्रांतिकारियों की प्रेरणा थे। घोर गुलामी के कालखंड में भी भारत के दायित्व के प्रति उन्होंने जो विश्वास प्रकट किया, उसको पूर्ण करने का कार्य वर्तमान एवं भावी पीढ़ी को करना है। जीवन की अल्पावधि में जो महान कार्य उनके द्वारा हुए, उनको पूर्णता प्रदान करने का संकल्प लेना उनके जन्मदिवस पर उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# स्वामी विवेकानंद के दिखाए मार्ग पर चलें

स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को कलकत्ता में हुआ था। भगवान शिव की कृपा स्वरूप वह प्रसिद्ध अधिवक्ता पिता विश्वास नाथ दत्त एवं माता भुवनेश्वरी देवी के परिवार में जन्मे थे। बचपन में उनको नरेन्द्रनाथ दत्त नाम मिला था। बाल्यकाल में उनको विले एवं नरेन के नाम से भी पुकारा जाता था। स्वामी रामकृष्ण परमहंस से दीक्षा लेने की बाद प्रारंभ में वह विविदिषानन्द तत्पश्चात वह विश्व भर में स्वामी विवेकानंद के नाम से प्रसिद्ध हुए। वह कुशाग्र बुद्धि, युवा प्रणेता, शिक्षा उन्नायक, समाज सुधारक, धर्म प्रचारक एवं समरसता के प्रेरक जैसे गुणों से युक्त थे। युवा पीढ़ी में भारतीय स्वाभिमान को बढ़ाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान है। उनके आह्वान के कारण अंग्रेजी दासता से मुक्ति के लिए अनेक युवकों ने अपना संपूर्ण जीवन स्वतंत्रता के लिए दांव पर लगाया। स्वामी विवेकानंद 11 सितंबर 1893 के विश्व धर्म सभा के अपने भाषण के कारण विश्व प्रसिद्ध हो गए। भारत सरकार ने 1984 से स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस को "युवा दिवस" के रूप में मनाने का निर्णय लिया।

क्रिस्टोफर कोलंबस के अमेरिका पहुंचने के 400 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शिकागो (अमेरिका) में विश्व धर्म सभा का आयोजन किया गया था। इसका उद्देश्य विगत 400 वर्षों में हुई भौतिक प्रगति को दिखाना एवं ईसाई धर्म का वैश्विक विस्तार एवं उसकी श्रेष्ठता को सिद्ध करना था। मिशिगन झील के चारों तरफ़ एक भव्य एवं विशाल प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया था। 494 किलोमीटर लम्बी झील पर लगी इस प्रदर्शनी को लाखों लोगों द्वारा देखा गया। इस आयोजन के महत्वपूर्ण कार्यक्रम धर्मसभा के अंतर्गत हुए स्वामी विवेकानंद के संक्षिप्त भाषण से भारत के धर्म, विचार एवं दर्शन के साथ-साथ भारतवासियों द्वारा संपूर्ण विश्व के प्रति किए गए व्यवहार का दर्शन संपूर्ण विश्व को हुआ। उनके सारगर्भित भाषण से हिंदू धर्म संपूर्ण विश्व में पुनः स्थापित हुआ। साथ ही स्वामी विवेकानंद भी संपूर्ण विश्व में प्रसिद्ध हो गए। अपने भाषण में उन्होंने हिंदू धर्म में वर्णित संपूर्ण विश्व को परिवार मानने की हमारी दृष्टि, सहिष्णुता ही नहीं सभी सत्य है एवं इस सत्य की यात्रा अपने-अपने मार्ग से करते हुए एक ही स्थान पर पहुंचते हैं तथा हिन्दू धर्म को सभी को स्वीकार कर शरण देने वाला हमारा व्यवहार यह उनके भाषण का सार था। इसको शिव महिमा स्तोत्र एवं गीता के मंत्र को गायन कर उन्होंने प्रतिस्थापित किया, जो आज भी संपूर्ण मानवता के लिए मार्गदर्शक हैं। संपूर्ण पृथ्वी के संसाधनों पर कब्जा करने के लिए व्यवस्थाओं का अतिक्रमण, अनेक देशों में परस्पर चलने वाले युद्धों से कराहती मानवता, अपने धर्म के विस्तार के लिए दूसरे धर्म अनुयायियों की समाप्ति के प्रयास, आज भी संपूर्ण मानवता के सम्मुख चुनौती हैं। इसी की चेतावनी जिसको स्वामी जी ने अपने भाषण में वर्णित किया था कि सांप्रदायिकता, हठधर्मिता, धर्मांधता पृथ्वी को हिंसा से भरती रही है। उन्होंने आह्वान किया था कि सभा के सम्मान में हुआ उत्पीड़न एवं पारस्परिक कटुता का मृत्यु निनाद सिद्ध होगा। यह लक्ष्य प्राप्ति अभी भी कोसों दूर है। हिंदू धर्म में व्याप्त कुरीतियों के उन्मूलन के लिए उन्होंने समाज का आह्वान किया था।

अस्पृश्यता पर प्रहार करते हुए उन्होंने कहा था कि "हिंदू धर्म का एक ही सिद्धांत रह गया है, मुझे मत छुओ-



मुझे मत छुओ। इस मत छुओवाद के कारण समाज की बहुत बड़ी क्षति हुई है। यह ईश्वर की व्यवस्था एवं मानवता के प्रति घोर अन्याय है।" अनेक महापुरुषों एवं संस्थाओं के प्रयासों के बाद भी यह कार्य अभी अपूर्ण है। समरस समाज निर्माण के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हमें अभी भी सतत प्रयत्न करने हैं। आज जब संपूर्ण देश में मतांतरण, लवजेहाद, लैंड जेहाद, घुसपैठ जैसे माध्यमों से देश की जनसांख्यिकी परिवर्तन का प्रयास हो रहा है। ऐसे समय स्वामी विवेकानंद का यह विचार कि "जब एक हिंदू अपना धर्म छोड़ता है, तब केवल एक हिंदू कम नहीं होता, बल्कि देश का एक शत्रु बढ़ जाता है।" अमेरिका में ईसाई मिशनरियों को चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा था कि"समाज की गरीबी एवं लाचारी का लाभ उठाकर प्रलोभन अथवा सेवा का माध्यम बनाकर धर्मांतरण करना यह सेवा नहीं व्यापार है।"

लॉर्ड मैकाले की शिक्षा पद्धति को उन्होंने नकारात्मक शिक्षा पद्धति कहा, जो आने वाली पीढ़ी के मन में अपनी परंपरा, संस्कृति, इतिहास, भाषा एवं महापुरुषों के प्रति ग्लानि का निर्माण करती है। उनका कहना था कि "वह शिक्षा जो तुम्हें आत्मनिर्भर न बनाये, वह शिक्षा नहीं है।"

स्वामी विवेकानंद केवल धर्म प्रचारक ही नहीं, वह भारत के आर्थिक विकास के प्रति भी सजग थे। हमारे युवा आर्थिक विकास के लिए विज्ञान एवं तकनीकी का उपयोग करने वाले बनें, यह आह्वान भी उन्होंने किया था। प्रसिद्ध उद्योगपति जमशेद जी टाटा से यात्रा के समय हुए संवाद में भारत की आर्थिक प्रगति में उनके योगदान के संबंध में चर्चा की थी। जमशेद जी टाटा द्वारा भारतीय विज्ञान संस्थान एवं टाटा स्टील जैसे उद्योगों की स्थापना के पीछे स्वामी जी की ही प्रेरणा थी। इस भेंट में स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि "केवल विदेश से तकनीकी आयात करना भारत की गरीबी नहीं मिटाएगा, हमें अपनी तकनीकी स्वयं विकसित करनी होगी।" भारत विश्व की सर्वाधिक युवा जनसंख्या वाला देश है। स्वामी विवेकानंद ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा था कि "उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति से पहले मत रुको"(उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत)। उनका कहना था कि "मेरा विश्वास युवा पीढ़ी में है। इन्हीं में से राष्ट्र निर्माण के कार्यकर्ता निकलेंगे।" उन्होंने स्वस्थ एवं फौलादी शरीर वाले, संवेदनशील हृदय वाले, सेवाभावी युवाओं की कल्पना की थी। मानसिक गुलामी से मुक्ति का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा था कि "भारत की कमजोरी आर्थिक गरीबी नहीं, बल्कि मानसिक गुलामी है।" उनका प्रसिद्ध वाक्य "हम पाप के कारण से नहीं जन्मे, हम अमरत्व की संतान हैं (वयम् अमृतस्य पुत्राः)"। स्वदेशी एवं स्वाभिमान के भाव को प्रकट करते हुए उन्होंने मंत्र दिया था कि "गर्व से कहो, मैं भारतीय हूँ, प्रत्येक भारतीय मेरा भाई है, कहो भारत की मिट्टी मेरा सर्वोच्च स्वर्ग है।" पश्चिम प्रवास के समय भारत में स्त्री-पुरुष समानता पर प्रश्न पूछने पर उन्होंने कहा था कि भारत में स्त्री सदैव श्रेष्ठ है क्योंकि वह माँ है।

उन्होंने कहा कि भारत की स्त्रियों को पश्चिमी फैशन की नहीं, बल्कि सीता एवं सावित्री के चारित्रिक बल की आवश्यकता है। उनका यह संदेश कि "किसी के पीछे मत चलो, स्वयं का मार्ग बनाओ। पाश्चात्य देशों की नकल करना सभ्यता नहीं, बल्कि अपनी बौद्धिक मृत्यु को निमंत्रण देना है।" स्वतंत्रता आंदोलन के महान क्रांतिकारियों की प्रेरणा स्वामी विवेकानंद थे। घोर गुलामी के कालखंड में भी भारत के दायित्व के प्रति उन्होंने जो विश्वास प्रकट किया, उसको पूर्ण करने का कार्य वर्तमान एवं भावी पीढ़ी को करना है। अपने जीवन की अल्पावधि में जो महान कार्य स्वामी विवेकानंद के द्वारा हुए, उनको पूर्णता प्रदान करने का संकल्प लेना उनके जन्मदिवस पर उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

संकल्प
डॉ. पवन कुमार शर्मा



# राष्ट्र चेतना व आस्था का उत्सव है सोमनाथ स्वाभिमान पर्व

द्वादश ज्योतिर्लिंग स्तोत्रम में गुजरात के सोमनाथ को बारह पवित्र ज्योतिर्लिंगों में प्रथम स्थान पर रखा गया है, जिससे भारतीय आध्यात्मिक परंपरा में उसके महत्व का पता चलता है। यह उस सभ्यतागत विश्वास को प्रतिबिंबित करता है कि सोमनाथ भारत के आध्यात्मिक भूगोल का आधार है। गुजरात में वेरावल के निकट प्रभास पाटन में अरब सागर के किनारे स्थित, सोमनाथ केवल एक पूजा स्थल नहीं है, बल्कि भारत की सभ्यतागत निरंतरता का एक जीवंत प्रतीक है। 1000 वर्ष पूर्व, 1026 ईस्वी में महमूद गजनवी ने पहली बार हिंदू आस्था के इसी केंद्र बिंदु सोमनाथ पर आक्रमण किया था, लेकिन आक्रमणों, विध्वंस और अपमान के बावजूद सोमनाथ ने आत्मसमर्पण नहीं किया। आस्था के इस केंद्र की गौरवशाली विरासत को याद करने के लिए 8 से 11 जनवरी 2026 तक सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन किया गया। यह भव्य आयोजन भारत की सांस्कृतिक अस्मिता, ऐतिहासिक स्मृति, राष्ट्रीय स्वाभिमान और राष्ट्र चेतना का प्रतीक बन गया है। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का उद्देश्य भारत की उस आत्मा को स्मरण करना है, जिसने हर दौर में पुनर्निर्माण का साहस दिखाया।

सोमनाथ मंदिर का इतिहास बताता है कि कैसे यह स्थल बार-बार नष्ट किया गया, लेकिन हर बार और अधिक भव्यता के साथ खड़ा हुआ। यह पर्व नई पीढ़ी को अपने अतीत से जोड़ने और आत्मगौरव की भावना जागृत करने का माध्यम है। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में देश-विदेश से श्रद्धालु, संत, इतिहासकार और जनप्रतिनिधि उपस्थित हुए। सहस्त्र वर्षों के लंबे संघर्षकाल के बाद आया यह मौका केवल उत्सव का नहीं, बल्कि आत्ममंथन का भी अवसर बना। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्बोधन कार्यक्रम का केंद्र बिंदु रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में सोमनाथ को भारत की आत्मा का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि भारत की अटूट चेतना और स्वाभिमान का साक्षात स्वरूप है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि इतिहास को केवल पीड़ा के रूप में नहीं, बल्कि प्रेरणा के स्रोत के रूप में देखा जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि जिन्होंने सोमनाथ को तोड़ने का प्रयास किया, वे इतिहास में खो गए, लेकिन सोमनाथ आज भी अडिग खड़ा है। राष्ट्र निर्माण में आत्मगौरव और सांस्कृतिक चेतना का होना आवश्यक है। उन्होंने विकास और विरासत के संतुलन की बात करते हुए कहा कि आधुनिक भारत अपनी प्राचीन जड़ों पर गर्व करता है। प्रधानमंत्री ने सरदार वल्लभभाई पटेल और डॉ. राजेन्द्र प्रसाद का स्मरण करते हुए कहा कि स्वतंत्र भारत में सोमनाथ का पुनर्निर्माण केवल धार्मिक कार्य नहीं था, बल्कि राष्ट्रीय आत्मसम्मान की पुनर्स्थापना थी। आज का भारत आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और सांस्कृतिक रूप से जागरूक भारत है। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व इसी चेतना का प्रतीक है। जब राष्ट्र अपनी जड़ों से जुड़ा होता है, तभी वह वैश्विक मंच पर मजबूती से खड़ा हो सकता है। स्वाभिमान पर्व के दौरान 72 घंटे का अखंड ओंकार जाप, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, प्रकाश-ध्वनि कार्यक्रम और ऐतिहासिक प्रदर्शनी आयोजित की गईं।

इन कार्यक्रमों के माध्यम से सोमनाथ के इतिहास और संघर्ष को जनसामान्य तक प्रभावी रूप से पहुंचाया गया। सदियों तक सोमनाथ करोड़ों लोगों की श्रद्धा और उपासना का केंद्र रहा है। इसे बार-बार उन आक्रमणकारियों द्वारा निशाना बनाया गया, जिनका उद्देश्य भक्ति नहीं, बल्कि विनाश था। इसके बावजूद सोमनाथ की कथा सनातन धर्म को मानने वाले करोड़ों लोगों के अटूट साहस, विश्वास और संकल्प से जानी जाती है। पुराणों के अनुसार, सोमनाथ मंदिर की स्थापना स्वयं चंद्रदेव ने की थी। कहा जाता है कि चंद्रमा ने भगवान शिव की आराधना कर अपने क्षय रोग से मुक्ति पाई और कृतज्ञता स्वरूप इस ज्योतिर्लिंग की स्थापना की। ऋग्वेद, स्कंद पुराण, शिव पुराण और भागवत पुराण में सोमनाथ की महिमा का वर्णन मिलता है। प्राचीन काल में सोमनाथ मंदिर अपार संपन्नता और वैभव का केंद्र था।

## राम सब घट मेरा साइयां



संकलित
दर्शन

पूरे संसार में राम का निवास है, सबमें भगवान हैं और हम उन्हें हाथ जोड़कर प्रणाम करते हैं। राम ईश्वर के रूप में सबके हृदय में है। कबीर ने कहा है- 'राम सब घट मेरा साइयां'... राम ईश्वर के रूप में सबके हृदय में हैं। सदा सर्वदा सबके हृदय में रहेंगे, लेकिन हमारे स्वार्थ, हमारे हेतु, हमारी मानसिकताओं के कारण कभी-कभी हम राम को साधन बना बैठते हैं। इसलिए हम राम को सही रूप में नहीं समझ पाते। प्रत्येक व्यक्ति में यदि हमें सिया राम के दर्शन होने लगें तो तमाम भेदभाव समाप्त हो जाएंगे। जातीय आधार पर भेदभाव काफी हद तक कम हुआ है, लेकिन अब भी बहुत कुछ करने की जरूरत है। इसके लिए धर्माचार्यों को आगे आना होगा। धार्मिक क्षेत्र हो, राजनीतिक या फिर सामाजिक क्षेत्र, अंतिम व्यक्ति पूज्य होना चाहिए। अगर अंतिम व्यक्ति आप तक नहीं पहुंच पा रहा है तो यह आपकी जिम्मेदारी है कि आप उस तक पहुंचें। भारतीय दर्शन में इहलोक और परलोक की बात आती है। इहलोक और परलोक का कल्याण करने की बात मेरी दृष्टि में इह यानी अपने संसार के साथ-साथ दूसरों का भी कल्याण हो, ऐसा प्रयास करना ही इहलोक और परलोक को सुधारना है। दूसरों के कल्याण की भावना का क्षेत्र बहुत व्यापक है। हम व्यापक व विराट की संतान हैं, इसलिए दूसरों के कल्याण का भारतीय सोच पूरे विश्व के कल्याण का सोच है। जब हम वसुधैव कुटुंबकम की बात करते हैं, तो दुनिया के सभी देशों के कल्याण की बात करते हैं।

## कपड़े की उपयोगिता दिखावे के लिए नहीं



संकलित
प्रेरणा

संत कबीर रोज अपने शिष्यों को और अन्य लोगों को उपदेश दिया करते थे। कबीर जी के उपदेश सुनने एक धनी व्यक्ति भी आता था। धनी व्यक्ति कबीर दास जी से बहुत प्रभावित था। एक दिन उस धनी व्यक्ति ने देखा कि कबीर दास जी जो कुर्ता पहनते हैं, वह बहुत पुराना हो गया और कुर्ता बहुत ही सामान्य कपड़े से बना था। अगले दिन धनी व्यक्ति एक मूल्यवान कुर्ता लेकर पहुंचा और कबीर दास को उपहार में दे दिया। कुर्ता मखमल से बना था। बाहर की ओर से कुर्ता मखमली था और अंदर की ओर उसमें सामान्य कपड़ा लगा था। धनी व्यक्ति ने सोचा था कि अब कबीर दास जी उसका दिया हुआ कुर्ता पहनेंगे। अगले दिन जब वह व्यक्ति फिर से कबीर दास जी के पास पहुंचा तो उसने देखा कि कबीर जी ने उल्टा कुर्ता पहना है। दरअसल, कबीर दास जी के कुर्ते का मलमल वाला हिस्सा अंदर की ओर था और बाहर सामान्य कपड़ा दिख रहा था। उस धनी व्यक्ति ने कबीर जी से पूछा कि ये आपने क्या किया? आपने तो कुर्ता उल्टा पहना है? सभी लोगों ने भी कबीर दास जी से पूछा कि कुर्ता मूल्यवान है तो आपने इसे उल्टा क्यों पहना है? कबीर जी ने कहा कि ये कुर्ता देखकर मैंने सोचा कि मखमल शरीर को स्पर्श होगा तो शरीर को ज्यादा बेहतर लगेगा, क्योंकि ये कपड़ा तो शरीर के लिए ही हैं। दिखाने के लिए तो साधारण हिस्सा ही काफी है। दूसरों को हमारे कपड़ों से क्या लेना-देना?

## अंतर्मन




### आज की पाती


#### अंतरराष्ट्रीय पहचान बना रही है हिंदी

हिंदी केवल भारत में बोली जाने वाली एक भाषा नहीं है, बल्कि यह विश्व की प्रमुख भाषाओं में अपना विशिष्ट स्थान बना चुकी है। हिंदी भारत की संस्कृति है, संस्कार है, यह स्वतंत्रता संग्राम की भाषा है। हिंदी की अंतरराष्ट्रीय पहचान को सुदृढ़ करने, उसके प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने और वैश्विक मंच पर उसकी भूमिका को रेखांकित करने के लिए प्रति वर्ष 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस मनाया जाता है। यह दिवस हिंदी भाषा के सम्मान, इसके विस्तार और इसके भविष्य की संभावनाओं का प्रतीक है। अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, मॉरीशस, फिजी, सूरीनाम, दक्षिण अफ्रीका और नेपाल जैसे देशों में हिंदी न केवल बोली जाती है, बल्कि शिक्षा, साहित्य और सांस्कृतिक गतिविधियों का भी माध्यम बनी हुई है।

*- साकेत अग्रवाल, भाटापारा*

## करंट अफेयर


# मचाडो शांति पुरस्कार ट्रंप को नहीं दे सकती



नोबेल इंस्टिट्यूट ने स्पष्ट किया है कि वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो हाल ही में मिला नोबेल शांति पुरस्कार अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नहीं दे सकतीं। नॉर्वियन नोबेल इंस्टिट्यूट ने यह बयान मचाडो के यह कहने के बाद जारी किया है कि वह अपना पुरस्कार ट्रंप को देना या उनके साथ साझा करना चाहेंगी, जिन्होंने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने के अमेरिकी अभियान की निगरानी की है। मादुरो न्यूयॉर्क में मादक पदार्थों की तस्करी के आरोपों का सामना कर रहे हैं। इंस्टिट्यूट ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि नोबेल शांति पुरस्कार की घोषणा हो जाने के बाद इसपर न तो रोक लगाई जा

## ऑफ बीट

# झपकी से याददाश्त में हो सकता है सुधार



कुछ लोग इसे विलासिता भोग के रूप में देखते हैं जबकि अन्य इसे मुस्तैद तथा तंदरुस्त बने रहने के तरीके के रूप में देखते हैं। लेकिन झपकी के फायदे के साथ-साथ नुकसान भी हो सकते हैं। वैसे मैं झपकी लेने की जटिल प्रवृत्ति के साथ साथ इस बात से अवगत हूं कि क्यों दोपहर के वक्त 20 से 30 मिनट की झपकी असंख्य तरीकों से फायदेमंद हो सकती है। अनुसंधान से पता चलता है कि झपकी के कई फायदे हैं। छोटी-सी झपकी से मानसिक स्वास्थ्य और याददाश्त के साथ ही मुस्तैदी, ध्यान और प्रतिक्रिया देने के समय में भी सुधार आता है। इसका संबंध उत्पादकता और रचनात्मकता से भी है। चूंकि झपकी से रचनात्मक सोच में सुधार आता दिखायी देता है

## ट्रेंड

### वेगडाजी भील का पराक्रम



वेगडाजी भील का पराक्रम सोमनाथ के इतिहास का एक अभिन्न हिस्सा है। हिंसा की धमकियों से विचलित हुए बिना वे इस पवित्र मंदिर की रक्षा में दृढ़ता से डटे रहे। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि सोमनाथ की रक्षा के लिए मां भारती की संतानों का संकल्प कितना सशक्त रहा है।
- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### गिनीज विश्व रिकॉर्ड



राजमार्ग अभियांत्रिकी में नए वैश्विक मानदंड स्थापित करते हुए, एनएचएआई ने निरंतर बिटुमिनस कंक्रीट फर्श में दो और गिनीज विश्व रिकॉर्ड हासिल करके इतिहास रच दिया है। यह उपलब्धि कड़े गुणवत्ता नियंत्रण के साथ-साथ आईआईटी बॉम्बे जैसे प्रमुख संस्थानों के सहयोग से संभव हुई।
-नितिन गडकरी, केंद्रीय राजमार्ग मंत्री

### उत्साह का संचार



जिंदगी में आनंद और उत्साह का संचार अगर कोई करते हैं, तो खेल करते हैं। खेल शरीर को स्वस्थ बनाते हैं, मन को और मजबूत बनाते हैं तथा आत्मा को आनंद और प्रसन्नता से भर देते हैं।
- शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री

### जनविरोधी फैसला



काम का अधिकार' कोई भीख नहीं, बल्कि देश के गरीब का कानूनी हक है। भाजपा सरकार 'वी.बी.जी. राम जी योजना' लाकर मनरेगा को व्यवस्थित रूप से खत्म करना चाहती है। इस जनविरोधी फैसले के खिलाफ कांग्रेसी आवाज बुलंद करेंगे।
-अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान

## संक्षेप

### अधिवक्ताओं का उग्र प्रदर्शन

#### रायबरेली में वकीलों पर दर्ज एफआईआर वापस लेने की मांग

अमेठी , तिलोई तहसील में अधिवक्ताओं ने रायबरेली में वकीलों पर दर्ज एफआईआर के विरोध में उग्र प्रदर्शन किया। वकीलों ने तहसील परिसर में घूम-घूम कर नारेबाजी की और एफआईआर वापस लेने की मांग की। प्रदर्शनकारी वकीलों ने स्पष्ट किया कि जब तक सिविल कोर्ट रायबरेली सेंट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष और अन्य वकीलों के खिलाफ रायबरेली कोतवाली में दर्ज 'फर्जी मुकदमा' वापस नहीं लिया जाता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने इसे 'आर-पार की लड़ाई' बताया।अधिवक्ता संगठन के महामंत्री सुरेंद्र कुमार शुक्ला ने बताया कि रायबरेली सिविल कोर्ट में दर्ज मुकदमे और मुसाफिरखाना में उप जिलाधिकारी अभिनव कनोजिया से जुड़े प्रकरण को लेकर तिलोई तहसील में आंदोलन और न्यायिक कार्य का बहिष्कार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि वकीलों को न्याय मिलने तक अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। वकीलों के प्रदर्शन के दौरान तहसील परिसर में गहमागहमी का माहौल रहा। प्रशासनिक अधिकारियों ने आंदोलनकारी वकीलों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे अपनी मांगों पर अड़े रहे और नारेबाजी करते रहे। इस मौके पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अमर बहादुर सिंह, राम सिंह, पवन कुमार शुक्ला, विजय कुमार शुक्ला, विवेक कुमार पांडे, दलजीत सिंह, संजय कुमार मिश्रा, अरविंद कुमार पांडे, राम प्रकाश, राजेंद्र यादव, श्याम मूर्ति यादव, ओम प्रकाश सिंह, अंशुमान बाजपेई और अख्तर हुसैन सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

### टूटी गटर बनी हादसों का सबब

#### ट्रक चढ़ने से पटिया टूटी, सालों बाद भी नहीं हुई मरम्मत

अमेठी , मुख्यालय गौरीगंज में सड़क किनारे की टूटी गटर और क्षतिग्रस्त सड़क राहगीरों व दुकानदारों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। यहां गटर की पटिया टूटी होने और सड़क का किनारा धंस जाने से आए दिन हादसे हो रहे हैं। यह समस्या कुछ समय पहले तब शुरू हुई जब एक ट्रक के गटर की पटिया पर चढ़ जाने से वह टूट गई। स्थानीय दुकानदारों ने तुरंत इसकी सूचना संबंधित अधिकारियों और जन प्रतिनिधियों को दी थी। उन्होंने जल्द से जल्द नई पटिया लगवाने की मांग भी की थी। हालांकि, कई महीने बीत जाने के बाद भी टूटी हुई पटिया को बदला नहीं गया। बरसात के कारण अब गटर के साथ-साथ हाईवे के किनारे लगी इंटरलॉकिंग भी क्षतिग्रस्त हो गई है, जिससे स्थिति और बिगड़ गई है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि टूटी गटर और सड़क के कारण लोग अक्सर गिरकर चोटिल हो रहे हैं। शिकायत के बावजूद अभी तक इसकी मरम्मत नहीं करवाई गई है। रामानंद उपाध्याय और दिलीप सिंह ने बताया कि स्कूली बच्चे और बाइक सवार सहित अन्य लोग भी लगातार घायल हो रहे हैं।स्थानीय लोगों का आरोप है कि अधिकारी इस गंभीर समस्या पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।उनका कहना है कि यदि भविष्य में कोई बड़ी दुर्घटना होती है

# संगठित हिंदू समर्थ भारत: कौशल जी

## आपस में कोई भेदभाव नहीं हम सभी हैं एक: महामंडलेश्वर

### नानपारा में आयोजित हुआ भव्य हिंदू सम्मेलन

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष के अवसर पर नानपारा नगर के शिवाले बाग परिसर में भव्य हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया गया।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रान्त प्रचारक कौशल जी तथा मुख्य अतिथि के रूप में सिद्धनाथ पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर रवि गिरी महाराज एवं विशिष्ट अतिथि शिवाले बाग के महंत वीरेन्द्र गिरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ताओ एवं अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रवज्जलन कर हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर स्वामी रवि गिरी महाराज ने कहा कि हम सभी ईश्वर के ही अंश हैं हमें भेदभाव को छोड़कर एक बात ध्यान रखना चाहिए कि हम हिंदू हैं।भगवान शंकराचार्य ने अपने भाष्य में कहा है कि कोई जाति भेद नहीं है हम सभी भगवान शिव के अंश हैं। देश को एकता के सूत्र में बांधने के लिए उन्होंने चारों दिशाओं को एक सूत्र में पिरोया था। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक भारत माता को परम वैभव पर पहुंचने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। हम सभी को अपने राष्ट्र अपने धर्म पर गर्व होना चाहिए और सनातन धर्म में बताए गए जीवन मूल्यों का पालन करना चाहिए।

प्रांत प्रचारक कौशल जी ने कहा कि संघ शताब्दी वर्ष के अवसर पर संघ ने पंच परिवर्तन विषय लिया है इसमें कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्व-भाव का जागरण एवं नागरिक कर्तव्य प्रमुख है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में कुटुंब टूट रहे हैं यह दुर्भाग्य का विषय है भारतीय संस्कृति में कुटुंब का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है इसलिए सभी को परिवार में संस्कार देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि समाज विरोधी शक्तियां सामाजिक समरसता का ताना-बाना छिन्न करने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं, इसके लिए सभी को एकजुट होकर रहना होगा। सनातन धर्म में जातिगत भेदभाव का कहीं पर भी कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत के सभी लोग हिंदू हैं सभी के पूर्वज एक हैं। भारत में तलवार और लोभ लालच के बल पर धर्मांतरण हुआ। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति का चिंतन वैश्विक है और सारी वसुधा को हमने अपना परिवार माना है। उन्होंने कहा कि यदि हम संगठित हैं तो कोई हमें क्षति नहीं पहुंचा सकता। स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि गर्व से कहो हम हिंदू हैं। संघ संस्थापक डॉ हेडगेवार ने स्पष्ट शब्दों में कहा था कि भारत हिंदू राष्ट्र है, शक्ति से ही संगठन है और प्रत्येक समस्या का समाधान शक्ति से ही संभव है। स्वामी विवेकानंद मनुष्य में ही नारायण का भाव देखते थे और उनका कहना था नर सेवा नारायण सेवा। प्रभु श्री राम जी का जीवन सामाजिक समरसता का प्रेरक उदाहरण है। उन्होंने सनातन की रक्षा पर बलिदान होने की परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि गुरु तेग बहादुर का साहस, शौर्य और धर्म-रक्षा के अमर प्रतीक है। सिख पंथ के नौवें गुरु के रूप में उनका जीवन मानवता की सेवा और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने कहा कि मुगल शासक औरंगजेब के अत्याचारों से पीड़ित कश्मीरी पंडितों ने गुरु महाराज की शरण ली थी। गुरु जी ने उन्हें धर्म रक्षा का आश्वासन दिया और औरंगजेब की दमनकारी नीतियों का साहसपूर्वक सामना किया। धर्म के लिए ये जीवन कैसा होना चाहिए वह गुरु महाराज ने जी कर दिखाया। कार्यक्रम के उपरांत सह भोज का भी आयोजन हुआ ।इस अवसर पर विभाग प्रचारक कृष्ण कुमार,विभाग प्रचार प्रमुख अतुल गौड़,कार्यक्रम संयोजक आनन्द ,नगर प्रचारक बलजीत, जिला कार्यवाह दिलीप, धर्मजागरण के प्रचारक सर्वेश,तीरथ राम,विवेक शुक्ल एडवोकेट, योगेन्द्र मौर्या,मनोज गुप्ता, जसप्रीत, रोहित चौरसिया विधायक रामनिवास एवं नगर व क्षेत्र के सभी गणमान्य के साथ हजारों की संख्या में हिन्दू परिवार उपस्थिति रहे।

# एसएसबी ने भारत-नेपाल सीमा पर 16 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर को दबोचा



अमन लेखनी समाचार

मोतीपुर, बहराइच। भारत नेपाल सीमा क्षेत्र में एसएसबी ने 16 ग्राम स्मैक के साथ एक तस्कर को दबोचा है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान अनिल कुमार चौधरी पता बैजनाथ गांव जिला बर्दिया राष्ट्र नेपाल के रुप में हुई ।एसएसबी 59 वी वाहिनी कमांडेन्ट कैलाश चंद रमोला ने बताया कि सीमा चौकी बलाई गाँव से उप निरीक्षक ( सामान्य ) नरेश कुमार के साथ 04 अन्य कार्मिक, स्थानीय पुलिस थाना मोतीपुर के उप निरीक्षक अनिल कुमार यादव तथा 01 अन्य कार्मिक के साथ भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में संयुक्त गश्त करते हुए सीमा स्तंभ संख्या 665/1 की तरफ जा रहे थे। तभी एक व्यक्ति कच्चे रास्ते से भारत से नेपाल की ओर जाता हुआ दिखाई दिया। गश्ती दल को सामने आता देख वह व्यक्ति घबरा गया और भागने की कोशिश करने लगा गश्ती दल ने तुरंत घेराबंदी करके उसे पकड़ लिया । पूछताछ करने पर उसने बताया कि उसके पास नशीला पदार्थ स्मैक है, और इसी कारण वह भाग रहा था। गिरफ्तारी करने वाली टीम में सहायक कमांडेंट असम सुशील सिंह तथा उनकी टीम शामिल रही गिरफ्तार अभियुक्त को मोतीपुर पुलिस को सौंप दिया।

# सांसद डॉ आनंद गोंड ने लोगों को जी राम जी योजना का बताया लाभ

### मटेरा विधानसभा में आयोजित हुआ कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल

बहराइच। लोकसभा क्षेत्र बहराइच के विधानसभा मटेरा अंतर्गत ग्राम पंचायत बडगांवा में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद डॉ आनंद कुमार गोंड रहे। श्री गोंड ने विकसित भारत जी राम जी के तहत 125 दिन ग्रामीण रोजगार की नई गारंटी विषय पर आयोजित जन जागरण चौपाल में लोगों को संबोधित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। डॉ आनंद गोंड ने कहा कि विकसित भारत जी राम जी योजना ग्रामीण क्षेत्र में ऐतिहासिक बदलाव लाएगा जिससे इसका लाभ ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को मिलेगा। इस अवसर पर केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, ग्रामीण रोजगार सृजन, गरीब एवं वंचित वर्ग के उत्थान तथा आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के संकल्प पर प्रकाश डाला गया।



कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह सहित भाजपा पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधि, ग्राम प्रधानगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# खाटूश्याम दर्शन को गए रेस्टोरेंट संचालक सहित मथुरा के दो युवकों की मौत

## रखाटूश्यामजी रोड पर तड़के हुये सड़क हादसे में चार की हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार मथुरा



मकर संक्रांति पर खाटू श्यामजी के दर्शन जाने को निकले मथुरा के दो युवकों का सफर दर्दनाक हादसे में तब्दील हो गया। राजस्थान के सीकर जिले में रींगस खाटूश्यामजी रोड पर तड़के हुए सड़क हादसे में दोनों दोस्तों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया गया है कि मथुरा से छह श्रद्धालु वेगनआर कार संख्या यूपी 85 सीई 7669 से खाटूधाम जा रहे थे। आज सुबह करीब 4:30 बजे रींगस रोड पर होटल माखन मटकी के सामने अचानक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई और पलट गई। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए और मौके पर अफरा तफरी मच गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि चालक को झपकी आने के कारण वाहन से नियंत्रण खो बैठा, वहीं तेज रफ्तार भी हादसे की बड़ी वजह मानी जा रही है। रींगस थाने के एएसआई सांवताराम गुर्जर के अनुसार हादसे में मथुरा निवासी उमेश और रिंकू सैनी की मौके पर ही मौत हो गई। रिंकू सैनी गोवर्धन चौराहे के पास अमर हैल्थकेयर और सिटी हॉस्पीटल के बीच में ढाबा चलाता था और शहर के विकास नगर क्षेत्र का निवासी था। कार में कुल छह लोग सवार थे, जबकि वाहन की क्षमता पांच सवारियों की थी। हादसे में घायल हुए दुर्गेश सैनी, अजय यादव, केवल सैनी और विनोद को स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से तुरंत रींगस के उप जिला अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद अजय, केवल और विनोद की हालत गंभीर होने पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए सीकर स्थित कल्याण अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने मृतकों के शवों को मोर्चरी में रखवा दिया है और परिजनों को हादसे की सूचना दे दी गई है। इस दर्दनाक हादसे से मथुरा में शोक की लहर है।

# पुलिसकर्मियों पर लगाया रिश्वतखोरी का आरोप, वायरल हुआ ऑडियो

अमन लेखनी समाचार

रिसिया, बहराइच। मटेरा थाना क्षेत्र के गौरा धनौली गांव का एक ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल ऑडियो में ग्रामीण मटेरा थाने के उप निरीक्षक अहमद हुसैन, विशाल जायसवाल सहित दो सिपाहियों पर एक लाख रुपये रिश्वत लेने का आरोप लगा रहे हैं। इस संबंध में मटेरा थाना प्रभारी सुरेंद्र प्रताप बौद्ध का कहना है कि आरोप लगाने वाले परिवार का लड़का पश्चिम बंगाल से एक लड़की को साथ ले आया था। उसकी खोज में पश्चिम बंगाल की पुलिस ने मटेरा पुलिस की सहायता से दबिश दी थी। लड़की को लेकर पश्चिम बंगाल की पुलिस लौट गई है। पश्चिम बंगाल से लाई गई लड़की की खोज में पहुंचे थे पुलिसकर्मी गए आरोप की जांच की जा रही है। यदि किसी ने पैसा लिया है तो वापस कराया जाएगा। दूसरी तरफ पीड़ित ग्रामीण वायरल ऑडियो में कहते दिखाई दे रहा है कि उसने हाइड्रोसील का ऑपरेशन कराया है। उसके प्राइवेट पार्ट पर पुलिस ने लात



मारी है, जिससे पीड़ा बढ़ गई है। परिवार की महिलाओं ने कहा कि यदि उन्हें न्याय और सुरक्षा नहीं मिली तो एसपी से मिलकर सुरक्षा की गुहार लगाएंगी। हालांकि अमन लेखनी न्यूज एजेंसी वायरल ऑडियो की पुष्टि नहीं करती है।

# कैसरगंज में प्रशासन की तत्परता की मिसाल

## 24 घंटे में पूरी हुई वरासत कार्यवाही

### निःशुल्क खतौनी उपलब्ध

अमन लेखनी समाचार




कैसरगंज, बहराइच। बहराइच जनपद में जिलाधिकारी महोदय के कुशल एवं दूरदर्शी नेतृत्व तथा उपजिलाधिकारी, कैसरगंज के प्रभावी मार्गदर्शन में राजस्व प्रशासन ने एक बार फिर त्वरित एवं संवेदनशील कार्यवाही का उदाहरण प्रस्तुत किया है। आज दिनांक 14 जनवरी 2026 को तहसील कैसरगंज अंतर्गत राजस्व ग्राम कड़सर विटौरा के खाता संख्या 515, 516 एवं 185 में बतौर संयुक्त भू-अधिकार अंकित खातेदार रामदास पुत्र हरिप्रसाद, ग्रामवासी, के निधन के उपरांत दिनांक 13 जनवरी 2026 को प्रकरण का तत्काल संज्ञान लिया गया। प्रशासन द्वारा मृतक के वैध वारिसों – श्रीमती राजकाना पत्नी रामदास (पत्नी), श्रीमती अल्पना सैनी पत्नी दिलेराम (पुत्रवधू) एवं अनुज कुमार, नाबालिग, पुत्र दिलेराम (पौत्र) – के पक्ष में महज 24 घंटे के भीतर वरासत की संपूर्ण कार्यवाही पूर्ण की गई, जिससे ग्रामीणों को किसी प्रकार की अनावश्यक भागदौड़ का सामना नहीं करना पड़ा। वरासत पूर्ण होने के पश्चात तहसीलदार महोदया, कैसरगंज के माध्यम से निःशुल्क प्रमाणित उद्धरण खतौनी तैयार कराई गई, जिसे क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा स्वयं मृतक की पुत्रवधू श्रीमती अल्पना सैनी पत्नी दिलेराम को उपलब्ध कराया गया। यह कार्यवाही न केवल राजस्व विभाग की पारदर्शिता, संवेदनशीलता एवं जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ती है, बल्कि शासन की ह्लत्वरित न्याय, त्वरित सेवाह्न नीति को भी धरातल पर साकार करती है। ग्रामीण क्षेत्र में प्रशासन की इस सक्रियता से आमजन में संतोष एवं विश्वास का वातावरण बना है।

# कैसरगंज में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन

## बृजेश पाण्डेय जिलाध्यक्ष रहे मुख्य अतिथि

अमन लेखनी समाचार




कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज क्षेत्रवासियों के लिए एक सराहनीय पहल के तहत समाजसेवी डॉ. अरविन्द सिंह द्वारा एक निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य क्षेत्र के जरूरतमंद नागरिकों को निःशुल्क आँखों की जाँच एवं परामर्श उपलब्ध कराना रहा।

कार्यक्रम में बृजेश पाण्डेय जिलाध्यक्ष जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके आगमन पर आयोजकों एवं कार्यकताओं द्वारा उनका गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। अपने संबोधन में मा. बृजेश पाण्डेय जी ने कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर समाज के अंतिम व्यक्ति तक बेहतर चिकित्सा सुविधाएँ पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।आयोजक डॉ. अरविन्द सिंह, जो समाजसेवी एवं भाजपा संगठन से जुड़े हुए हैं, ने बताया कि शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने नेत्र परीक्षण कराया और विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा आवश्यक परामर्श दिया गया। उन्होंने कहा कि समाज सेवा ही उनका मुख्य उद्देश्य है और भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाते रहेंगे।

कार्यक्रम के दौरान भाजपा संगठन से जुड़े कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनकल्याण की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया।

शिविर के सफल आयोजन से क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला और स्थानीय लोगों ने आयोजकों का आभार व्यक्त किया।

# बाबू सुंदर सिंह फाउंडेशन की मानवीय पहल

## जरूरतमंदों को मिली ठंड से राहत

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। कड़ाके की ठंड में गरीब और असहाय लोगों के लिए बाबू सुंदर सिंह फाउंडेशन ने मानवता की मिसाल पेश की। फाउंडेशन की ओर से आयोजित विशाल कंबल वितरण कार्यक्रम में लगभग 8 हजार जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए, जिससे ठंड से जूझ रहे लोगों के चेहरों पर राहत और मुस्कान देखने को मिली। इस सेवा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी और एसपी बहराइच राम नयन सिंह विशिष्ट अतिथि मे पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार सिंह रैकवार और कई जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने स्वयं कंबल वितरित कर जरूरतमंदों से संवाद किया। पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सहायता पहुँचाना ही सच्ची राजनीति और सेवा का उद्देश्य है। उन्होंने बाबू सुंदर सिंह फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक संगठन ही समाज को मजबूती प्रदान करते हैं। फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने बताया कि ठंड के मौसम में किसी भी जरूरतमंद को असहाय न रहना पड़े, इसी संकल्प के साथ यह अभियान चलाया जा रहा है, जिसे आगे भी निरंतर जारी रखा जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह बहराइच उपजिलाधिकारी कैसरगंज अखिलेश कुमार सिंह पुलिस क्षेत्र अधिकारी डीके श्रीवास्तव सुनील सिंह सांसद प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे और सभी ने फाउंडेशन की इस जनकल्याणकारी पहल की खुले दिल से प्रशंसा की।

# हुड़दंग, अश्लीलता फैलाने वालों पर पुलिस का शिकंजा

## प्रतापगढ़ में 53 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

अमन लेखनी समाचार




प्रतापगढ़ , दिलीपपुर थाना क्षेत्र में हुड़दंग मचाने, महिलाओं और युवतियों को परेशान करने तथा सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट करने के आरोप में पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। इस मामले में तीन नामजद सहित कुल 53 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई चौकी इंचार्ज अनुपम पटेल की तहरीर पर की गई है ।एफआईआर के अनुसार, रानीगंज थाना क्षेत्र के श्रीपुर जामताली निवासी लवकुश ओझा, दिलीपपुर थाना क्षेत्र के पूरे लोकमनि निवासी रवि दुबे और विनीत कुमार को नामजद आरोपी बनाया गया है। इनके अलावा, विभिन्न गांवों के लगभग 50 अज्ञात युवक भी इस मामले में शामिल बताए गए हैं। आरोप है कि ये युवक सार्वजनिक सड़कों पर तेज रफ्तार से बाइक चलाकर स्टंट करते थे। वे महिलाओं और युवतियों को देखकर अभद्र हरकतें करते थे और इन घटनाओं का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करते थे। पुलिस के मुताबिक, इन हरकतों के कारण क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया था। आम लोगों, विशेषकर महिलाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लिया और कार्रवाई शुरू की। चौकी इंचार्ज अनुपम पटेल ने बताया कि नामजद आरोपियों की तलाश जारी है और उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, 50 अज्ञात युवकों की पहचान के लिए स्थानीय लोगों की मदद ली जा रही है। पुलिस ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि सार्वजनिक स्थानों पर हुड़दंग, अश्लीलता और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# ग्रामीणों को 125 दिन रोजगार की गारंटी

## दयाशंकर सिंह बोले- कांग्रेस ने केवल गांधी का नाम लिया, भाजपा ने सपने पूरे किए

अमन लेखनी समाचार




प्रतापगढ़,प्रभारी मंत्री और परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह प्रतापगढ़ पहुंचे। गेस्ट हाउस में पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका औपचारिक स्वागत किया। इसके बाद उन्हें सलामी दी गई और कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने केवल महात्मा गांधी का नाम लिया, जबकि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने उनके सपनों को पूरा किया है। प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह ने भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण पर प्रेसवार्ता की। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत प्रत्येक ग्रामीण परिवार को वर्ष में 125 दिनों के रोजगार की गारंटी दी जाएगी। किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए, फसल बुवाई और कटाई के मौसम में अधिकतम 60 दिनों तक सार्वजनिक कार्यों को कानूनी रूप से रोका गया है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि ये 60 दिन भी अतिरिक्त रोजगार के रूप में गिने जाएंगे, जिससे यह अधिनियम कुल 185 दिनों का सुनिश्चित रोजगार प्रदान करेगा। मंत्री ने यह भी बताया कि अब बेरोजगारी भत्ता एक स्पष्ट और समयबद्ध अधिकार के रूप में निर्धारित किया गया है। यदि किसी ग्रामीण को काम मांगने के 15 दिनों के भीतर रोजगार नहीं मिलता है, तो उसे बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। संबंधित अधिकारी की समयसीमा और जवाबदेही भी स्पष्ट रूप से तय की गई है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत किए गए कार्यों का भुगतान अनिवार्य रूप से 7 दिनों के भीतर किया जाएगा। यदि किसी कारणवश भुगतान तय समय सीमा में नहीं हो पाता है, तो लाभार्थी को ब्याज सहित भुगतान मिलेगा। मंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाना और पलायन रोकना है। मिशन से ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और जरूरतमंद परिवारों को स्थायी सहारा मिलेगा।

## संक्षेप

### अपर जिला सहकारी अधिकारी पर भ्रष्टाचार का आरोप

**सहकारी समिति एसोसिएशन ने जिलाधिकारी को सौंपा शिकायती पत्र**

बागपत, बागपत जनपद में सहकारिता विभाग से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है। बागपत सहकारी समिति सभापति एसोसिएशन ने अपर जिला सहकारी अधिकारी (एडीएसओ) पर भ्रष्टाचार और अवैध गतिविधियों के गंभीर आरोप लगाए हैं। एसोसिएशन के कार्यकताओं ने इस संबंध में जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर एक शिकायती पत्र सौंपा है। शिकायतकताओं का आरोप है कि पिछले 7-8 वर्षों से तहसील एवं जनपद बागपत में तैनात हैं। इस अवधि के दौरान उन्होंने सहकारिता विभाग में कथित तौर पर भ्रष्टाचार को चरम पर पहुंचा दिया है। एसोसिएशन ने बताया कि जितेंद्र राणा के पिता जनपद बागपत के मूल निवासी रहे हैं, जिसके कारण अधिकारी का जनपद में प्रभाव बढ़ा हुआ है। आरोप है कि अपर जिला सहकारी अधिकारी समिति कर्मचारियों पर दबाव बनाकर अवैध वसूली कराते हैं। जो कर्मचारी उनकी बात नहीं मानते, उन्हें प्रताड़ित किया जाता है और विभागीय कार्रवाई की धमकी दी जाती है। कार्यकर्ताओं का यह भी कहना है कि जितेंद्र राणा जनपद की स्थानीय राजनीति में खुलकर भागीदारी करते हैं, जिससे विभागीय कार्यों में पारदर्शिता प्रभावित हो रही है।इसके अतिरिक्त, उन पर कई कर्मचारियों की नियुक्तियां अवैधानिक तरीके से कराने का भी आरोप है। इससे योग्य कर्मचारियों के साथ अन्याय हो रहा है और सहकारिता विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि जनपद बागपत के लगभग सभी बी-पैक्स (पैक्स) कर्मचारी अपर जिला सहकारी अधिकारी से परेशान हैं। कर्मचारियों में भय का माहौल बना हुआ है, जिसके कारण वे खुलकर शिकायत करने से भी डर रहे हैं। एसोसिएशन के कार्यकताओं ने जिलाधिकारी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषी पाए जाने पर अपर जिला सहकारी अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं, अपर जिला सहकारी अधिकारी जितेंद्र राणा का कहना है कि उच्च अधिकारी जो भी कार्रवाई करेंगे, वह उन्हें मान्य रहेगी। जिलाधिकारी कार्यालय ने शिकायत दर्ज कर संबंधित विभाग से इस मामले में रिपोर्ट तलब करने की बात कही है । जिलाधिकारी अस्मिता लाल नें बताया की मामले की जांच की जा रही है ।

### महिला टीचर ने राष्ट्रपति ने इच्छा मृत्यु मांगी

**खून से लेटर लिखा, कहा-प्रबंधक अकेले में बुलाकर छेड़खानी करते हैं**

बागपत , 32 साल की सरकारी टीचर ने अपने खून से पत्र लिखकर राष्ट्रपति से परिवार सहित इच्छा मृत्यु मांगी है। टीचर का कहना है कि कॉलेज प्रबंधक हमेशा छेड़खानी करते हैं। कभी मेरा हाथ पकड़ते हैं, कभी अकेले में बुलाते हैं। महिला टीचर का आरोप है कि उन्होंने नजदीकी थाने में कई बार इसकी शिकायत की, लेकिन कार्रवाई नहीं की गई। न्याय न मिलने के कारण अब परिवार सहित जान दे देंगे। नेहा बागपत कलेक्ट्रेट में धरने पर बैठीं हैं। वहीं जिलाधिकारी ने जांच के आदेश दे दिए हैं। मामला खेड़ा स्थित हजारीलाल मेमोरियल इंटर कॉलेज का है।

## जय श्री राम के जयकारे के साथ निकला मकर संक्रांति जुलूस

### हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल कायम करते दिखे जनप्रतिनिधि

**अमन लेखनी/ रवि श्रीवास्तव**



जहानाबाद, फतेहपुर। मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर जहानाबाद कस्बे में सनातन धर्म के अनुयायियों द्वारा भव्य धर्म जुलूस निकाला गया। राम जानकी धाम राम तलाई परिसर से ध्वजा-पताकाओं के साथ प्रारंभ हुआ यह जुलूस कस्बे के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए पुनः राम तलाई परिसर पहुंचा, जहां यह धर्मसभा में परिवर्तित हो गया। जुलूस के दौरान जगह-जगह पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। कस्बा जहानाबाद में विगत 48 वर्षों से निरंतर आयोजित हो रहे मकर संक्रांति महोत्सव का शुभारंभ शिव शक्ति अखाड़ा प्रमुख महंत मधुराम शरण मिश्र के नेतृत्व में हुआ। जुलूस में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु हाथों में धर्म ध्वजा-पताका लिए जय श्रीराम के उद्घोष करते हुए शामिल हुए, जिससे पूरा कस्बा भक्तिमय माहौल में डूब गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र सिंह पटेल, भाजपा नेता दीपक वर्मा, पूर्व विधायक विक्रम सिंह, भाजपा वरिष्ठ नेत्री एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य जयंती देवी वर्मा, भाजपा पदाधिकारी विवेक उत्तम सहित अनेक जनप्रतिनिधि व सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। खास बात यह रही कि जुलूस के दौरान विशेष समुदाय के लोगों ने भी पुष्पमालाएं पहनाकर स्वागत किया। नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष हाफिज अनवारूल हक, मोहम्मद जीशान, फौजान, सिद्दीक अंसारी सहित अन्य लोगों ने जुलूस का स्वागत कर हिंदू-मुस्लिम एकता और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। राम जानकी धाम परिसर में आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुए महंत मधुराम शरण शिवा ने कहा कि सनातन धर्म की परिकल्पना तभी साकार हो सकती है जब हिंदू समाज संगठित होगा। उन्होंने जातिगत विभाजन से ऊपर उठकर सनातन धर्म की एकता पर जोर दिया और कहा कि जातियों के नाम पर समाज को बांटने का प्रयास किया जा रहा है, जो भविष्य के लिए घातक है। उन्होंने अन्य देशों का उदाहरण देते हुए कहा कि यदि समय रहते एकता नहीं दिखाई गई तो इसके गंभीर परिणाम घातक हो सकते हैं। धर्मसभा में भाजपा नेता दीपक वर्मा, डॉ. ओमप्रकाश पाल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य जयंती देवी वर्मा सहित अन्य वक्ताओं ने भी विचार व्यक्त करते हुए हिंदू समाज को एकजुट होने और सनातन मूल्यों को सशक्त करने की आवश्यकता पर बल दिया। व्यापार मंडल द्वारा विशाल ओमर , मयंक ओमर ,गीनू ओमर,राजू शुक्ला, प्रदीप साहू,अनीश उत्तम, आयुष ओमर, अर्पित ओमर सहित समाजसेवियों ने स्टाल लगाकर प्रसाद वितरण किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ने कहा कि वर्तमान समय जातियों में बंटने का नहीं, बल्कि संगठित होकर राष्ट्र और धर्म के लिए कार्य करने का है। उन्होंने युवाओं से आान किया कि वे मोबाइल से दूरी बनाकर राष्ट्रप्रेम और सनातन धर्म के प्रति जागरूकता फैलाएं।कार्यक्रम का संचालन जन्मेजय मिश्रा ने किया। इस मौके पर राजा अग्निहोत्री, मुकेश ओमर, विश्वास गुप्ता, संतोष बाजपेई, बल्लू निगम, मोहित निगम, अनुराग बाजपेई, महेश चौरसिया, सभासद शिंपू शिवहरे, मालती वर्मा, पुनीता, विनीत शुक्ला, राजेंद्र सचान, भाजपा मंडल अध्यक्ष नितिन ओमर, संतोष गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष लाल सिंह सूर्यवंशी, सर्वेश सोनकर सभासद ,पप्पू शुक्ला,अभिलाष मौर्य, शुभी ओमर, जय सिंह, कालिका सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## 5 वर्ष के बालक ने नाम जप से प्राप्त किया ईश्वर - कथा व्यास

**अमन लेखनी समाचार**

**मनीष पाण्डेय**



मलवां, फतेहपुर,जनपद के मलवां विकासखंड कस्बे मां दुर्गा देवी मंदिर प्रांगण अंतर्गत श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन वृंदावन से पधारे सरस कथा वाचक पंडित राजन कृष्ण जी महाराज ने भक्तों को सत्मार्ग की ओर ले जाने का प्रयास करते हुए सतयुग की पावन कथा ध्रुव चरित्र का विस्तृत व्याख्यान किया राजा उत्तानपाद की रानियां सुरुचि तथा सुनीति के मध्य नन्हे से 5 वर्ष के बालक ध्रुव का मातृप्रेम तथा द्वेष पूर्ण वर्ताव अलग-अलग सुनने को मिला राज्य का त्याग कर माता का आदेश स्वीकार करते हुए छोटे से बालक ध्रुव जी ने वन की ओर प्रस्थान कर दिया जहां अनेक परीक्षाओं से परिपूर्ण होते हुए अंत में नाम जप करते हुए स्वयं नारायण के दर्शन प्राप्त किया वरदान देते हुए भगवान श्री नारायण ने बालक ध्रुव को नभमंडल में देदीप्यमान तारे के रूप में स्थापित होने का वचन दिया जो आज भी हम सभी को आकाश मंडल से ध्रुव जी ध्रुव तारे के रूप में आशीर्वाद प्रदान कर रहे हैं वही कथा व्यास ने मंच के माध्यम से अन्य कथाए जैसे अजामिल उपाख्यान तथा भक्त प्रहलाद तथा हिरण्यकश्यप की संपूर्ण कथा सुनाई जिसे सुनकर श्रोताओं की आंखों में आंसू आ गए कथा के मध्य में सुंदर-सुंदर भजनों का संग्रह कथा व्यास ने प्रस्तुत किया जहां सरस्वती के पुत्र के रूप में मंच में विराजमान ऑर्गन वादक कमल किशोर तबला वादक सनत कुमार सिंह पैड वादक पवन समदरिया आदि ने संगत करते हुए कथा में चार चांद लगाए कथा विराम होने पर आचार्य पंडित राघवेंद्र कृष्ण तथा सह आचार्य अरविंद द्वारा वेद मंत्रों के साथ महा आरती प्रारंभ कराई गई कथा के प्रमुख परीक्षित रामू सोनी के साथ सभी श्रद्धालु भक्तगणों ने महा आरती करते हुए महाप्रसाद को ग्रहण किया इस मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण एवं क्षेत्रीय श्रद्धालु श्रोतागण मौजूद रहे

## मथुरा में 10वां आर्म्ड फोर्सेज वेटरन्स डे सेलिब्रेशन धूमधाम से मनाया गया

**आर्म्ड फोर्सेज वेटरन्स डे पर वेटरन्स का सम्मान**

**अमन लेखनी समाचार मथुरा**



मथुरा। भारत के आर्म्ड फोर्सेज वेटरन्स की बहादुरी, समर्पण और बलिदान को सम्मान देने के लिए 10वां वेटरन्स डे सेलिब्रेशन 14 जनवरी 2026 को मथुरा मिलिट्री स्टेशन में आयोजित किया गया। यह इवेंट बहुत जोश, सम्मान और गर्व के साथ आयोजित किया गया वेटरन्स से बातचीत करते हुए, लेफ्टिनेंट जनरल वी हरिहरन, जनरल ऑफिसर कमांडिंग 1 कोर ने सभी वेटरन्स और वीर नारियों का आभार व्यक्त किया और देश के लिए उनकी निस्वार्थ सेवा के लिए उनकी तारीफ की। उन्होंने सभी वेटरन्स को भरोसा दिलाया कि इंडियन आर्म्ड फोर्सेज सच में उनकी भलाई के बारे में चिंतित है और उन्हें किसी भी समस्या के मामले में ऑर्गनाइजेशन से बेझिझक संपर्क करना चाहिए। इस इवेंट में सरकार की तरफ से खास तौर पर वेटरन्स के लिए घोषित नई पॉलिसी और प्रोग्राम पर डिटेल में बात हुई। इस इवेंट में वेटरन्स और वीर नारियों को अवॉर्ड भी दिए गए, और यह भाईचारे और देशभक्ति की भावना से भरा था, जिसमें देश के अलग-अलग हिस्सों से आए वेटरन्स ने सर्विस के दौरान अपने अनुभव और यादें शेयर कीं। वेटरन्स डे हर साल उन पुरुषों और महिलाओं को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है जिन्होंने इंडियन आर्म्ड फोर्स में सेवा की है और यह सुनिश्चित किया जाता है कि उनकी कुबार्नी को कभी भुलाया न जाए। मथुरा में हुआ समारोह हमेशा इन बहादुर लोगों के जज्बे की याद दिलाता है।

## श्रीजी बाबा सरस्वती विद्या मन्दिर में दो महत्वपूर्ण बैठकें सम्पन्न

**अमन लेखनी समाचार मथुरा**



मथुरा। श्रीजी बाबा सरस्वती विद्या मन्दिर, गोवर्धन मार्ग, मथुरा में बुधवार को शिक्षा और समाज के सर्वांगीण विकास से जुड़े विषयों पर दो महत्वपूर्ण बैठकों का आयोजन किया गया। इन बैठकों में शिक्षा को राष्ट्र निर्माण और समाजोत्थान का सशक्त माध्यम बनाने पर गहन विमर्श हुआ। प्रथम बैठक प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक सरस्वती शिक्षा परिषद एवं विद्यालय प्रबन्धन कार्यकारी के साथ आयोजित की गई। बैठक का विषय था – राष्ट्र निर्माण में समाज को प्रोत्साहित कैसे करें। और द्वितीय बैठक अपराह्न 2:30 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित की गई, जिसमें श्रीजी बाबा सरस्वती विद्या मन्दिर द्वारा समाज में अन्त्योदय तक शिक्षा के प्रचार-प्रसार हेतु संचालित शिक्षा केन्द्रों के प्रमुख संचालकों ने सहभागिता की। बैठक का विषय समाजोत्थान रहा। इसमें समाज के अन्तिम व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण, संस्कारयुक्त शिक्षा पहुँचाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। इस अवसर पर विद्या भारती पश्चिम उत्तर प्रदेश क्षेत्र के संगठन मन्त्री डोमेश्वर साहू ने कहा कि सशक्त राष्ट्र का निर्माण केवल शासकीय प्रयासों से नहीं, बल्कि समाज की सक्रिय सहभागिता से संभव है। शिक्षा के माध्यम से संस्कार, कर्तव्यबोध और सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास कर समाज को राष्ट्रहित में प्रेरित किया जा सकता है। विद्यालयों की भूमिका केवल शैक्षणिक नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना के केन्द्र के रूप में भी महत्वपूर्ण बताई गई। विद्या भारती ब्रज प्रान्त के संगठन मन्त्री हरिशंकर ने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जो सामाजिक असमानताओं को समाप्त कर समरस और सशक्त समाज का निर्माण कर सकती है। बैठक में प्रान्त शिक्षा सेवा प्रमुख महेन्द्र, प्रदेश निरीक्षक ब्रज प्रान्त यशवीर सिंह, विद्यालय के प्रबन्धक प्रोफेसर (डॉ.) तेजपाल सिंह, सरस्वती शिक्षा परिषद मथुरा के मन्त्री डॉ. आर. पी. सिंह, प्रधानाचार्य हरेन्द्र कुमार सारस्वत सहित विभिन्न शिक्षा केन्द्रों के संचालक, प्रमुख एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। दोनों बैठकों में शिक्षा को समाज परिवर्तन और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला मानते हुए समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर सर्वसम्मति बनी।

## संजय उर्फ मीठा को मारी 3 गोलियां

**हमलावरों की तलाश जारी, घायल की हालत गंभीर**

**अमन लेखनी समाचार**

मेरठ , जानी थाना क्षेत्र में रविवार देर रात संजय उर्फ मीठा (पुत्र उदयराज) को अज्ञात हमलावरों ने गोली मार दी। घाट गांव निवासी संजय के पेट में तीन गोलियां लगी हैं, जिससे उसकी हालत गंभीर बनी हुई है जानकारी के अनुसार, संजय उर्फ मीठा सनराइज होटल के पास मौजूद था। इसी दौरान बाइक सवार हमलावर वहां पहुंचे और उस पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोली लगने से संजय लहूलुहान होकर गिर पड़ा, जिसके बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। बताया जा रहा है कि संजय ने घाट निवासी पूर्व प्रधान गजराज के पुत्र संजय से बाईपास स्थित सनराइज होटल किराए पर लिया हुआ है। होटल के पास ही हुए इस हमले से मामले को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं। सूचना मिलते ही जानी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल संजय को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने उसकी हालत चिंताजनक बताई है। अस्पताल में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पूरे इलाके में नाकाबंदी कर दी गई है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। अधिकारियों ने जल्द ही हमलावरों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने का दावा किया है। इस फायरिंग की घटना से जानी क्षेत्र में दहशत का माहौल है।



## प्रशासन हुआ सक्रिय दो अभियुक्त माल समेत गिरफ्तार

### खबर का असर

**अमन लेखनी समाचार**

फतेहपुर। जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय कुलखेड़ा समेत गांव में अन्य कई चोरियां हुई जहां अमन लेखनी हिंदी दैनिक समाचार पत्र में विस्तृत रूप से खबरें प्रकाशित की गई संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अनूप कुमार सिंह के निर्देशन पर चांदपुर थाना प्रभारी विनोद पटेल ने टीम गठित कर मामले की छानबीन प्रारंभ की जहां लगभग एक सप्ताह बाद कल उच्च प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सरोज सोनकर पत्नी जगमोहन प्रसाद द्वारा दी गई लिखित तहरीर के अंतर्गत दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया अभियुक्तों को गांगपुर गांव के एक सरकारी नलकूप से गिरफ्तार किया गया जिसमें अभियुक्त की पहचान 21 वर्षीय अजय उर्फ जागिया पुत्र राजू सिंह यादव निवासी ग्राम गांगपुर तथा 23 वर्षीय अजय उर्फ छोटू पुत्र शिवरतन निवासी ग्राम गांगपुर थाना चांदपुर जनपद फतेहपुर के रूप में की गई अभियुक्तों के पास एक गैस सिलेंडर 13 थाली स्टील एक जग लोटा 29 अदद स्टील गिलास टंकी प्लास्टिक तसला अल्युमिनियम भगोना परात गैस भट्टी समेत काफी सामान तथा 580 रुपए नगद बरामद हुए थाना प्रभारी विनोद कुमार पटेल ने तत्काल अभियुक्तों को गिरफ्तार कर मुकदमा अपराध संख्या 4/ 2026 धारा 331 (4)305 बीएनएस पंजीकृत करते हुए जेल भेज दिया इस सराहनीय मुहिम में थाना प्रभारी के साथ वरिष्ठ उप निरीक्षक सौरभ कुमार पाण्डेय उप निरीक्षक प्रदीप कुमार दिग्विजय सिंह आरक्षी अमित कुमार अजय कुमार भीम प्रकाश धीरज सिंह यादव श्री केश आदि का सराहनीय योगदान रहा




## मेरठ में रोनू कश्यप हत्याकांड के बाद सियासत गरमाई

### मायावती बोलीं- शर्मनाक घटना; चंद्रशेखर ने कहा- मानवता को शर्मसार करने वाला अपराध

**अमन लेखनी समाचार**




मेरठ, रोनू कश्यप हत्याकांड के बाद राजनीति गर्माने लगी है। अखिलेश यादव, मायावती और चंद्रशेखर तीनों ने एक्स पर पोस्ट किया है। वहीं अब कांग्रेस ने भी पूरे मामले में नाराजगी जाहिर की। बता दें कि मेरठ के सरधना में 7 दिन पहले एक युवक की अधजली लाश मिली थी। पुलिस इस मामले का खुलासा कर चुकी है। पुलिस के अनुसार युवक की पहले ईंट मारकर हत्या की गई थी, इसके बाद साक्ष्य मिटाने के लिए उसकी लाश को मोबिल डालकर जला दिया गया था। लेकिन लोगों का कहना है कि रानू को जिंदा जलाकर मारा गया है।

**मायावती बोलीं- आपराधिक तत्वों को कानून का डर होना जरूरी**

मायावती ने रविवार को पर पोस्ट किया और लिखा-यूपी में मेरठ के सरधना क्षेत्र में ही पिछड़े वर्ग से कश्यप समाज के एक युवक को जलाकर मार देने की अति क्रूर व शर्मनाक घटना की जितनी भर्त्सना की जाये वह कम है। ऐसी दुखद घटनाओं की रोकथाम के लिए शासन व प्रशासन दोनों स्तर पर अनवरत उचित सजगता व सक्रियता आवश्यक। ऐसे असामाजिक व आपराधिक तत्वों को कानून का डर होना जरूरी।

**चंद्रशेखर बोले- यह हत्या नहीं बल्कि मानवता को शर्मसार करने वाला**

आसपा प्रमुख और सांसद चंद्रशेखर ने पर लिखा- मेरठ की तहसील सरधना क्षेत्र के ग्राम ज्वालागढ़ में कश्यप समाज के युवक रोनू कश्यप को पहले शराब पिलाई गई, फिर उसके पास मौजूद लगभग 80,000 रुपए लूट लिए गए और उसके बाद उसे जिंदा जला दिया गया। यह सिर्फ हत्या नहीं, बल्कि मानवता को शर्मसार करने वाला जघन्य अपराध है। दिनांक 5 जनवरी 2026 (सोमवार) को हुई इस घटना के सभी आरोपियों की गिरफ्तारी न होना कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। हम इस हृदयविदारक घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हैं । हमारी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। प्रकृति उन्हें यह असीम दुःख सहने की शक्ति प्रदान करे।

**अखिलेश यादव ने लिखा- हम PDA समाज की तरफ से आवाज उठाते हैं**

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखा- दबंगों ने सरधना क्षेत्र के ज्वालागढ़ में कश्यप समाज के एक युवा को ज़िंदा जलाकर मारने का जो कुकृत्य किया है

## दो बदमाश गिरफ्तार:चोरी की बैटरी, टीवी, मोबाइल सहित अन्य सामान बरामद

**अमन लेखनी समाचार**

गौतम बुद्ध नगर, नोएडा की थाना सेक्टर-113 पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की चार बैटरी, एक टीवी, दो मोबाइल, दो सैमसंग टैबलेट, एक लैपटॉप, एक डीवीआर, एक मोटरसाइकिल और घटना में इस्तेमाल किए गए एक हथौड़ी, एक कटर व एक स्कूटी बरामद की है।पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई की। चोरी के मामलों में फरार चल रहे जय कुमार उर्फ लविश उर्फ मिट्ठू (निवासी बिहार) और राममोहन (निवासी जिला शाहजहांपुर) को ग्रीन बेल्ट, सेक्टर-123 के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, ये दोनों चोर बेहद शातिर किस्म के हैं। वे चोरी की वारदात को अंजाम देने से पहले इलाके की रेकी करते थे। इन्होंने हाल ही में थाना क्षेत्र में एक चोरी की घटना को अंजाम दिया था, जिसके बाद से पुलिस इनकी तलाश कर रही थी। दोनों आरोपियों पर पहले से भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। फिलहाल, पुलिस इनके अन्य आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी जुटा रही है। साथ ही, इनके गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश भी जारी है।



## खनन माफियाओं ने तोड़ा सिंचाई विभाग का बैरियर

### डम्पर निकालने के लिए क्षतिग्रस्त किया, ग्रामीणों ने की शिकायत

**अमन लेखनी समाचार**

गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा में खनन माफियाओं की दबंगई सामने आई है। यहां खनन माफियाओं ने सिंचाई विभाग द्वारा लगाए गए बैरियर को तोड़ दिया। यह बैरियर भारी वाहनों की आवाजाही रोकने के लिए लगाया गया था, लेकिन डम्पर निकालने के उद्देश्य से इसे क्षतिग्रस्त कर दिया गया। दरअसल, जारचा थाना क्षेत्र में सिंचाई विभाग ने प्यावली से नरौली तक नहर किनारे लाखों रुपये की लागत से सड़क का निर्माण कराया था। इस सड़क को भारी वाहनों से बचाने और इसकी लंबी उम्र सुनिश्चित करने के लिए दोनों ओर लोहे के बैरियर लगाए गए थे। विभाग ने स्पष्ट किया था कि यह मार्ग केवल हल्के वाहनों और ग्रामीणों की सुविधा के लिए है। ग्रामीणों के अनुसार, रात के अंधेरे में इन बैरियरों को तोड़ दिया गया। गांव वालों ने बताया कि खनन माफिया रात में भारी वाहनों में मिट्टी भरकर ले जाते हैं और इसी दौरान उन्होंने रास्ते में लगे बैरियर को क्षतिग्रस्त कर दिया। इस घटना को लेकर चोना नगला गांव के ग्रामीणों में भारी रोष है और उन्होंने इसकी शिकायत भी की है। ग्रामीणों का आरोप है कि खनन माफिया रात में ओवरलोड वाहनों में मिट्टी भरकर चलाते हैं, जिससे लाखों रुपये की लागत से बनी यह सड़क टूटने की कगार पर आ गई है। उन्होंने प्रशासन से इस मामले में जल्द से जल्द कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता नीरज त्यागी ने बताया कि बैरियर टूटने का मामला संज्ञान में आया है।



## नोएडा के उद्योग मार्ग को किया जाएगा दुरुस्त

### 2.5 किमी तक सभी यूटीलिटी होंगी अंडरग्राउंड, 9 करोड़ होंगे खर्च

**अमन लेखनी समाचार**



नोएडा,उद्योग मार्ग को बेहतर करने का काम अगले महीने से शुरू होगा। इसके लिए जारी किए गए टेंडर को पूरा करने की प्रकिया अंतिम चरण में है। काम शुरू होने के बाद पूरा होने में करीब छह महीने का समय लगेगा। करीब नौ करोड़ का एस्टीमेट तैयार किया गया है।

**ढाई किमी मार्ग को करेंगे दुरुस्त**

सेक्टर-1 गोलचक्कर से सेक्टर-11 झुंडपुरा तिराहे तक उद्योग मार्ग का हिस्सा है। यह करीब ढाई किलोमीटर लंबा हिस्सा है। इस हिस्से में सड़क की मरम्मत, नाला-नाली बनाने, फुटपाथ ठीक करने समेत अन्य काम किए जाने हैं। शहर का विकास करने समेत अन्य काम कराने वाले नोएडा प्राधिकरण का दफ्तर भी उद्योग मार्ग के पास है। इसी रास्ते से प्राधिकरण के सीईओ, एसीईओ समेत अन्य अधिकारी आते-जाते हैं।

**एक सप्ताह में कंपनी का चयन**

ऐसे में इस रास्ते को बेहतर बनाने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने पिछले महीने टेंडर जारी किया था। इस टेंडर की प्रक्रिया एक कदम आगे बढ़कर इसकी फाइनेंशियल बिड खुल चुकी है। जिस एजेंसी ने सबसे कम दर लगाई है, उसकी फाइल मंजूरी के लिए आला अधिकारियों के पास गई हुई है। प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है एक सप्ताह के अंदर एजेंसी का चयन कर आगे की प्रक्रिया की जाएगी।

**शो रूम को करेंगे व्यवस्थित**

नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि उद्योग मार्ग पर खुले शोरूमों के बाहर व्यवस्था को भी व्यवस्थित कराया जाएगा।

## च मार्ग बनाने से रोंकने पर लाठी डंडे चले, वीडियो वायरल

अमन लेखनी समाचार

हरपालपुर, हरदोई ।अरवल थाना क्षेत्र के करनपुर गांव में बुधवार को चक मार्ग बनाने से रोंकने को लेकर जमकर लाठी डंडे चले ।मारपीट का 29 सेकंड का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है ।हालांकि दैनिक तरुण मित्र समाचार पत्र वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। इस मामले में करनपुर गांव निवासी मनोहर लाल की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई है। तहरीर में बताया कि वह अपने परिवार के सुभाष, रामनिवास, सोनू वअखिलेश के साथ निजी भूमि गाटा संख्या 103 व 101 में जबरदस्ती बनाए जा रहे चक मार्ग को रोकने गए थे ।तभी गांव के ही आठ आरोपियों ने लाठी डंडों से हमला बोल दिया। जिससे सभी के चोंटे आई हैं ।अरवल थानाध्यक्ष अनिल सिंह ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## विधायक ने जरूरतमंदों को कंबल वितरित किये

अमन लेखनी समाचार

हरपालपुर, हरदोई ।विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू ने बुधवार को इकनौरा सती माता मंदिर पर ग्राम प्रधान वागीश यादव, बरनई-चतरखा गांव में क्षेत्र पंचायत सदस्य धर्मेंद्र द्विवेदी व बेसहारा दहेलिया में राजीव मिश्रा राजू की ओर से आयोजित कार्यक्रम में जरूरत मंदों को कम्बल वितरित किए। उन्होंने कहा कि निराश्रित व जरूरतमंदों की मदद करना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है ।इस मौके पर प्रधान संघ सांडी के अध्यक्ष आलोक सिंह, प्रधान ओमप्रकाश गौतम संदीप सिंह रारा यादव, ववलू कुशवाहा, प्रधान पुष्पेंद्र सिंह, धीरेन्द्र कुशवाहा, अरविन्द चौरसिया, अजय शुक्ला, अमित तिवारी, अखिलेश मिश्रा आदि मौजूद रहें।

## फसल में पानी लगाने से मना करने पर मारपीट, चार नामजद 7 अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

हरपालपुर, हरदोई ।कोतवाली क्षेत्र के कठेठा गांव निवासी मगन बिहारी38 पुत्र उमेश चंद्र ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 12 जनवरी की शाम पॉच बजे गांव के ही रघुवीर सहाय के दरवाजे पर मौजूद था ।तभी गांव के प्रदीप आकर समर से रात में अपनी फसल में पानी लगाने की बात कही। मना करने पर आरोपी प्रदीप गाली गलौज करने लगे। कुछ देर बाद प्रदीप अपने भाई मनोज, संजय, नारायण व अपने ही परिवार के सात अज्ञात लोगों के साथ ईंट पत्थरो से हमला बोल कर घपायल कर दिया ।जान से मार डालने की धमकी देते हुए फरार हो गये है। प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार पंकज ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## झाड़ियां में नवजात मासूम का शव मिलने से सनसनी

अमन लेखनी समाचार

हरपालपुर, हरदोई ।कस्बे के सीएचसी रोड पर सेढा नाला के पास झाड़ियां में एक अज्ञात नवजात शिशु का शव मिलने से सनसनी फैल गई है। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई है ।हरपालपुर कस्बे के सीएचसी मार्ग पर मंगलवार की देर शाम सेढा नाला के पास एक अज्ञात नवजात मासूम का क्षतविक्षत अवस्था शव बरामद हुआ है।

## सांसद जय प्रकाश के तीखे तेवर, जी राम जी' की तारीफ, पर बदहाल नगर पालिका पर अपनी ही व्यवस्था को घेरा

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। जिले के सियासी गलियारों में उस वक्त हलचल तेज हो गई जब सदर सांसद जय प्रकाश रावत ने एक तरफ तो केंद्र की नीतियों का गुणगान किया, लेकिन दूसरी तरफ स्थानीय नगर पालिका प्रशासन की कार्यप्रणाली पर तीखा हमला बोल दिया। सांसद ने साफ लहजे में कहा कि हरदोई नगर पालिका अन्य क्षेत्रों की तुलना में पिछड़ गई है ।सांसद निधि से निर्मित इंटरलॉकिंग सड़क का लोकार्पण करने पहुंचे सांसद ने मनरेगा के नए स्वरूप 'जी राम जी' योजना की जमकर सराहना की। उन्होंने इसे मजदूरों और किसानों के लिए गेम-चेंजर बताते हुए कहा गारंटी में इजाफा हुआ है अब मजदूरों को 100 के बजाय 125 दिन के काम की गारंटी मिलेगी ।योजना में बदलाव से भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी और सुविधाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुंचेगा ।सांसद ने कांग्रेस और सपा को 'मौसमी राम भक्त' करार देते हुए कहा कि जनता इनके चुनावी ढकोसलों को पहचान चुकी है ।सबसे चौंकाने वाला मोड़ तब आया जब सांसद ने हरदोई नगर पालिका की बदहाली पर अपना दर्द बयां किया ₹नगर पालिका हरदोई अन्य क्षेत्रों के मुकाबले काफी पिछड़ गई है। जल निकासी और जर्जर सड़कों की समस्या को लेकर मैंने सीधे मुख्यमंत्री जी को पत्र सौंपा है ।₹सांसद का यह बयान स्थानीय निकाय के पदाधिकारियों के लिए किसी बड़े झटके से कम नहीं है, क्योंकि यह सीधे तौर पर शहर के विकास दावों की पोल खोलता है ।वहीं लंबे समय से धूल फांक रही खेतुई से पिहानी चुंगी सड़क को लेकर सांसद ने खुशखबरी साझा की। उन्होंने बताया कि इस प्रोजेक्ट के लिए मुख्यमंत्री ने व्यक्तिगत भेंट के बाद बजट की स्वीकृति दे दी है और निर्माण कार्य अंतिम चरण में है ।सांसद जय प्रकाश रावत का यह बयान केवल एक शिकायत नहीं, बल्कि एक बड़ा राजनैतिक संदेश माना जा रहा है। अपनी ही व्यवस्था को घेरकर उन्होंने खुद को जनता के हितों के प्रति ईमानदार दिखाने की भरपूर कोशिश की है ।मुख्यमंत्री तक बात पहुंचाने का जिक्र कर उन्होंने स्थानीय अधिकारियों और निकाय प्रतिनिधियों को कड़ा संकेत दिया है।

## ग्रामीणों ने सीमांकन के नाम पर फसल काटने से न रोके जाने की गुहार लगाई

### नायब तहसीलदार पर अवैध वसूली के आरोप लगा स्थानांतरण की कारी गई मांग

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद (हरदोई) ।सीमांकन को लेकर चल रहे विवाद के कारण ग्रामीण अपनी बोई हुई फसल भी नहीं काट पा रहे हैं। तहसील प्रशासन द्वारा उन्हें सीमांकन विवाद निपटने तक फसल को काटने से रोका जा रहा है। मंगलवार को करीब दो दर्जन किसानों ने तहसील आकर उपजिलाधिकारी अंकित तिवारी को सम्बोधित लिखित प्रार्थना पत्र उनकी अनुपस्थिति में तहसीलदार को देकर फसल कटवाये जाने की गुहार लगाई है। ग्रामीणों ने नायब तहसीलदार पर अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए उनके स्थानांतरण की मांग की है। ग्रामीणों ने नायब तहसीलदार की कार्यशैली पर नाराजगी जाहिर करते हुए फसल काटने का समय देने और नायब तहसीलदार को स्थानांतरित करने की मांग की। शाहाबाद ब्लॉक के ग्राम पंचायत झोथूपुर तथा सुहागपुर के ग्रामीण बड़ी संख्या में आशुतोष सिंह के नेतृत्व में तहसील मुख्यालय पहुंचे। ग्रामीणों का कहना था नदी के रेत पर तहसील प्रशासन की अनुमति से ही उन्होंने फसल बोई थी। अब गांव का एक रविंद्र नामक व्यक्ति शिकायत करके उस फसल को तहस-नहस करवा रहा है। नाप की आड़ में नायब तहसीलदार पर फसल चौपट करने का आरोप ग्रामीणों द्वारा लगाया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि नायब तहसीलदार विपक्षी से मिलकर ग्रामीणों को परेशान करना चाहते हैं इसीलिए बेवजह नाप की जा रही है। ग्रामीणों की मांग है कि नाप का कार्य फसल कट जाने के बाद किया जाए। क्योंकि किसानों ने पैसा लगाकर अपनी फसल तैयार की है अब उस फसल को चौपट करने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर आशुतोष सिंह, छोटे लाल, आत्माराम, राजेंद्र प्रताप, लालाराम, दुर्गेश, रामकुमार सहित करीब दो दर्जन ग्रामीण उपस्थित रहे। इस प्रकरण पर नायब तहसीलदार और तहसीलदार का पक्छ जानने के लिए उन्हें फोन किया गया लेकिन दोनों अधिकारीयों ने फोन नहीं रिसीव किया।

## बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का 'अधिवक्ता गौरव' सम्मान से अभिनंदन

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। स्थानीय लोकनिर्माण निरीक्षण भवन में सवर्ण चेतना सभा द्वारा एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. आदर्श दीपक मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में बार एसोसिएशन हरदोई की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को ह्लअधिवक्ता गौरव बंदे मातरम् श्री सम्मानह्व से नवाजा गया ।प्रमुख पदाधिकारियों का हुआ सम्मान समारोह में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जे.पी. त्रिवेदी, महामंत्री पंकज सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव सिंह कुशवाहा सहित पूरी टीम का स्वागत किया गया। सम्मानित होने वालों में उपाध्यक्ष सुधांशु रंजन श्रीवास्तव, गिरीश मिश्रा, कनिष्ठ उपाध्यक्ष शुभम सिंह, संयुक्त मंत्री अनुराधा अग्रवाल, मुकेश कुमार सिंह, गोविंद दीक्षित और कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह 'जजवासी' प्रमुख रहे। इसके अलावा कार्यकारिणी के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ सदस्यों को भी सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष जे.पी. त्रिवेदी ने कहा कि अधिवक्ताओं के सम्मान से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। वहीं, महामंत्री पंकज सिंह ने जोर देकर कहा कि अधिवक्ता समाज के शोषित और वंचित वर्गों को न्याय दिलाने वाली मुख्य ताकत हैं। उन्होंने संघ की मजबूती और सुरक्षा का भरोसा दिलाया ।डॉ.आदर्श दीपक मिश्र ने सभी का अभिनंदन करते हुए कहा कि उनके लिए अधिवक्ता समाज का सम्मान सर्वोपरि है। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रदेश सचिव शिव मोहन शुक्ला ने किया। इस अवसर पर कृष्णकांत मिश्र, राजीव सिंह सिम्पल, विजय पाण्डेय और तृप्ति शर्मा सहित भारी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

## पुलिसिया दमन के विरोध में एनएसयूआई ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। वाराणसी में 11 जनवरी को एनएसयूआई के शांतिपूर्ण आंदोलन के दौरान हुए पुलिसिया लाठीचार्ज और कार्यकताओं की गिरफ्तारी के विरोध में आज हरदोई जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया गया। एनएसयूआई और कांग्रेस पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की ।ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि वाराणसी में 'वोट चोरी' और मनरेगा का नाम बदलने जैसे जनविरोधी फैसलों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी और अन्य छात्र-छात्राओं के साथ पुलिस ने अलोकतांत्रिक व्यवहार किया। उन्हें जबरन हिरासत में लेकर लॉकअप में बंद करना संवैधानिक अधिकारों का खुला उल्लंघन है ।हसन अहमद जिलाध्यक्ष ने कहा₹छात्रों की आवाज को लाठी और लॉकअप से नहीं दबाया जा सकता। यदि कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन सड़क से सदन तक तेज होगा ।जिला कांग्रेस अध्यक्ष विक्रम पांडेय ने कहा दमनकारी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस पूरी मजबूती से छात्रों के साथ खड़ी है ।शहर अध्यक्ष अनुपम दीक्षित में कहा₹लोकतांत्रिक विरोध पर पुलिसिया कार्रवाई सरकार की तानाशाही मानसिकता को दशार्ती है।

इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष अजय सिंह, राजीव सिंह, मोहन सिंह सहित भारी संख्या में कांग्रेस और युवा कांग्रेस के पदाधिकारी उपस्थित रहे। नेताओं ने राज्यपाल से निष्पक्ष जांच और भविष्य में ऐसे दमन को रोकने की मांग की है।

## ग्राम मड़ोरी से सैकड़ों श्रद्धालुओं का जत्था पहुंचा रामराजा सरकार की नगरी ओरछा धाम

### समाजसेवी मान खां द्वारा 5 फरवरी को पांच बेटियों का कराया जाएगा विवाह

अमन लेखनी समाचार



गुरसराय। धार्मिक आस्था और सामाजिक सेवा का अद्भुत संगम बुधवार को उस समय देखने को मिला, जब ग्राम मड़ोरी से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं का एक विशाल जत्था रामराजा सरकार की नगरी ओरछा धाम के लिए रवाना हुआ। यह यात्रा समाजसेवी मान खा के नेतृत्व में आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य ग्राम की गरीब कन्याओं के विवाह के लिए परंपरागत रूप से भात मांगने की धार्मिक रस्म को पूरा करना था। प्राप्त जानकारी के अनुसार आगामी 5 फरवरी को ग्राम मड़ोरी की पांच निर्धन कन्याओं का विवाह संपन्न होना है। इन्हीं विवाह आयोजनों को लेकर बुधवार सुबह लगभग 11 बजे ग्रामीण ढोल-नगाड़ों, भजन-कीर्तन और जयकारों के साथ ओरछा धाम के लिए निकले। यात्रा के दौरान श्रद्धालु रामराजा सरकार के जयघोष लगाते हुए भक्ति भाव में लीन दिखाई दिए। ग्रामीणों ने बताया कि भात मांगने की यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है, जिसमें विवाह से पूर्व भगवान राम से आशीर्वाद लिया जाता है, ताकि कन्याओं का वैवाहिक जीवन सुखमय और मंगलमय रहे। ओरछा धाम में रामराजा सरकार के दरबार में माथा टेककर कन्याओं के विवाह की सफलता और खुशहाली की कामना की जाएगी। समाजसेवी मान खा द्वारा ग्राम की पांच गरीब कन्याओं के विवाह का संपूर्ण दायित्व उठाया गया है, जिसे लेकर क्षेत्र में उनकी भूरी-भूरी प्रशंसा की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे समाजसेवी प्रयास न केवल गरीब परिवारों को सहारा देते हैं, बल्कि समाज में आपसी सहयोग, भाईचारे और संस्कारों को भी मजबूती प्रदान करते हैं। यात्रा के दौरान ग्रामवासियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। बुजुर्गों से लेकर युवा और महिलाएं तक इस धार्मिक यात्रा में शामिल रहीं। पूरे ग्राम का माहौल धार्मिक और उत्सवमय बना रहा। ग्रामीणों ने आशा व्यक्त की कि 5 फरवरी को होने वाला यह सामूहिक विवाह कार्यक्रम भव्य रूप से संपन्न होगा और समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करेगा।

## चारागाह की जमीन पर बना 'अवैध किला' जमींदोज, भू-माफियाओं में मचा हड़कंप!

अमन लेखनी समाचार

उत्तर प्रदेश में योगी सरकार का 'बुलडोजर मॉडल' रुकने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला हरदोई जिले की सण्डीला तहसील का है, जहां प्रशासन ने सरकारी जमीन को कब्जामुक्त कराने के लिए बड़ी कार्रवाई की है। पशुओं के चरने वाली जमीन (पशुचर) पर किए गए अवैध पक्के निर्माण को प्रशासन ने देखते ही देखते मलबे में तब्दील कर दिया ।हरदोई के ग्राम पतसेनी देहात में सरकारी रसूख और भ्रष्टाचार के गठजोड़ पर प्रशासन का डंडा चला है। दरअसल, भीरीघाट के पूर्व प्रधान शिवपाल वर्मा ने जिलाधिकारी से एक गंभीर शिकायत की थी ।गाटा संख्या 2117 जो कि सरकारी अभिलेखों में पशुचर (चारागाह) के रूप में दर्ज है, उस पर अवैध कब्जा किया गया। आरोप लगा कि वर्तमान प्रधान मोहम्मद मुख्तार, ग्राम पंचायत अधिकारी संतोष कुमार और स्थानीय लेखपाल की शह पर एक बाहरी महिला के लिए आलीशान मकान खड़ा किया जा रहा था ।यही नहीं, सरकारी वाटिका की चहारदीवारी को भी तोड़ दिया गया था ।शिकायत मिलते ही एसडीएम सण्डीला एक्शन मोड में आ गए। बुधवार को राजस्व निरीक्षक शिव रूप द्विवेदी की टीम भारी पुलिस बल के साथ मौके पर जा पहुंची। जैसे ही 'बाबा का बुलडोजर' गांव में दाखिल हुआ, अवैध कब्जा करने वालों के पसीने छूट गए ।पुलिस की मौजूदगी में बुलडोजर ने अवैध मकान को ढहाना शुरू किया और कुछ ही देर में पूरी जमीन को अतिक्रमण मुक्त करा लिया गया। इस कार्रवाई के बाद इलाके के भू-माफियाओं में हड़कंप है। राजस्व विभाग के अधिकारियों ने दो टूक शब्दों में कहा है कि सरकारी जमीन पर कोई भी अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं होगा ।सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी ।शिकायत मिलने पर बिना किसी दबाव के तत्काल एक्शन लिया जाएगा ।प्रशासन की इस कार्रवाई ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि उत्तर प्रदेश में सरकारी जमीनों पर कब्जा करना अब महंगा पड़ सकता है।

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई सम्पन्न

### तेज रफ्तार में चलने वाले क्षमता से अधिक लोडेड वाहनों की जॉच कर की जाये जॉच-जिलाधिकारी। विद्यालय के वाहनों में क्षमता से अधिक न बैठाये जाये छात्र-छात्राएं, जॉच में क्षमता से अधिक बच्चें पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध होगी कार्यवाही-जिलाधिकारी।

### दुर्घटना बाहुल क्षेत्रों के आस-पास एम्बुलेंस की, जाये तैनाती-जिलाधिकारी

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की गयी, बैठक में उन्होंने कहा कि जनपद में सड़को के किनारे जो 117 स्थान चिन्हित किये गये है उन स्थानों पर सड़क सुरक्षा नियमों से सम्बन्धित साइनेज बोर्ड लगाये जाये साइनेज बोर्ड में के माध्यम से लोगों से तेज रफ्तार मे वाहन न चलाये नशो की हालत में वाहन न चलाये व सड़क सुरक्षा नियमों के सम्बन्ध में विवरण साइनेज बोर्ड पर अंकित किये जाये, स्पीड़ ब्रेकर जहा पर अनावाश्यक रूप से गलत तरीके से बनाये गये है उन्हें सुचारू ठंग से बनाने की कार्यवाही की जाये। दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों के आस पास एम्बुलेन्स खडे किये जाये जिससे की किसी प्रकार की दुर्घटना होने पर दुर्घटना में घायल व्यक्ति को तत्काल ट्रामा सेन्टर पर पहुचाया जाये समय से ईलाज प्रारम्भ हो सके और घायल व्यक्ति का जीवन बच सके। उन्होने कहा कि स्कूल के वाहनों के लिए नियमित रूप से चेकिंग की जाये सलखन से डाला के बीच में सड़क के किनारे कोई स्थान चिन्हित किया जाये जहा पर पकड़े गये वाहनो को खड़ा करने हेतु डम्पिंग ग्राउन्ड बनाया जा सकें। औड़ी रोड़ से शक्तिनगर मार्ग पर कट स्टोन लगाने हेतु प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत किया जा सकें। अघोरी से चोपन सड़क मार्ग पर चलने वाले ओवर लोड़िग वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायें। ट्रामा सेन्टर की सूचना से सम्बन्धित साईनेंज बोर्ड लगाया जाये, जिससे कि किसी प्रकार की सड़क दुर्घटना होने पर घायल व्यक्ति आसानी से ट्रामा सेन्टर तक पहुंच सकें। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में बच्चों के हित में चलाये जा रहे वाहनों का प्रापर फिटनेस सुनिश्चित किया जाये और उन वाहनों पर निर्धारित संख्या से अधिक छात्र-छात्राओं को न ले जाय जाये, अधिक संख्या में छात्र-छात्राओं को ले जाते हुए कोई वाहन पाया जाता है तो उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर उपसा द्वारा एम्बुलेंस, क्रेन आदि की संख्या बढ़ायी जाये, कोहरे के दौरान वाहन चलाते समय रिफ्लेक्टर का प्रयोग करें। सड़कों से गुजरने वाले भारी वाहनों की चेकिंग की जाये, जिन वाहनों के बाडी के ढाचे में परिवर्तन पाया जाये, ऐसे वाहनों को सीज करने की कार्यवाही की जाये। चार पहिया वाहन व ट्रक, हाईवा आदि वाहनों के तेज रफ्तार की निगरानी की जाये, नशे की हालत में वाहन चलाने वाले गाड़ियों का चालान की कार्यवाही की जाये और उन ड्राइवरों के वाहन लाईसेंस को निरस्त करने की कार्यवाही की जाये, नशे की हालत में वाहन चलाने पर दुर्घटना की अधिक संभावना बनी रहती है, इस मौके पर श्रीमती चारू द्विवेदी सी0ओ0,, शैलेश ठाकुर अधिशासी अभियन्ता पी0डब्ल्यू0डी0, जिला विद्यालय निरीक्षक जयराम सिंह, अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड ए0के0 सिंह, विनय कुमार सिंह अपर जिला सूचना अधिकारी, सड़क सुरक्षा से जुड़े विभागों के अधिकारीगण सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

## ग्राम देवता श्री लाखन वीर बाबा के वार्षिकोत्सव का शुभारंभ, अखंड हरि कीर्तन के बाद होगा विशाल भंडारा

अमन लेखनी समाचार

चोपन/सोनभद्र। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी ग्राम देवता श्री लाखन वीर बाबा के वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम श्रद्धा व उत्साह के साथ प्रारंभ हो गया है। इस अवसर पर नगर पंचायत चोपन द्वारा मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में व्यापक साफ-सफाई का कार्य कराया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को स्वच्छ एवं सुगम वातावरण मिल सके। नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत हाईडील कॉलोनी के समीप सोन नदी के तट पर स्थित ग्राम देवता श्री लाखन वीर बाबा का प्राचीन मंदिर क्षेत्रवासियों की गहरी आस्था का प्रमुख केंद्र माना जाता है। लोकमान्यता के अनुसार यहां सच्चे मन से की गई मनोकामनाएं अवश्य पूर्ण होती हैं। इसी विश्वास के चलते वार्षिकोत्सव के अवसर पर दूर-दराज के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन-पूजन के लिए पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए नगर पंचायत कर्मियों द्वारा मंदिर परिसर, संपर्क मार्गों एवं आसपास की झाड़ियों की समुचित साफ-सफाई कराई गई है। साथ ही प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, बैठने की व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त किया गया है, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। स्थानीय श्रद्धालुओं एवं आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में 13 तारीख से 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन आयोजित किया जाएगा। इसके पश्चात विधि-विधान से पूजा-पाठ, हवन एवं अंत में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि श्री लाखन वीर बाबा के प्रति लोगों की आस्था वर्षों से चली आ रही है। यह वार्षिकोत्सव न केवल धार्मिक आयोजन है, बल्कि सामाजिक समरसता, भाईचारे और सांस्कृतिक परंपराओं को मजबूत करने का भी माध्यम बन चुका है। नगर पंचायत एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा की जा रही व्यवस्थाओं से श्रद्धालुओं में प्रसन्नता देखी जा रही है। लोगों को विश्वास है कि इस वर्ष का वार्षिकोत्सव शांतिपूर्ण, व्यवस्थित और भव्य रूप में संपन्न होगो इस दौरान पं शारदा पाठक, अमरनाथ शाहनी, दया यादव, लोकनाथ केशरी, अप्पू गुप्ता, बलवंत कुशवाहा, राजेश गुप्ता, प्रमोद केशरी, संजय शाहनी, तेजबली सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे

## पुलिस कार्यालय बना समाधान केंद्र-जनता दर्शन में एसपी सोनभद्र ने सुनी जनसमस्याएं

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता, संवेदनशीलता एवं धैर्यपूर्वक सुना गया। जनता दर्शन में उपस्थित फरियादियों द्वारा भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट, गुमशुदगी, धोखाधड़ी सहित अन्य पुलिस संबंधी समस्याओं से पुलिस अधीक्षक सोनभद्र को अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा प्रत्येक फरियादी की समस्या को व्यक्तिगत रूप से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निष्पक्ष समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र ने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि जनता की शिकायतों का निस्तारण संवेदनशीलता, पारदर्शिता एवं कानून के दायरे में किया जाए तथा किसी भी फरियादी को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। साथ ही यह भी निर्देश दिए गए कि जिन प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही अपेक्षित है, उनमें तत्काल प्रभाव से कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जनता दर्शन कार्यक्रम के माध्यम से आमजन की समस्याओं को सीधे सुनकर समाधान करने का उद्देश्य पुलिस-जन संवाद को मजबूत करना एवं आम जनता में पुलिस के प्रति विश्वास को और अधिक सुदृढ़ करना है।

## बीजपुर में स्वास्थ्य विभाग का छापा या नूराकुश्ती सील तोड़ने वाले पैथोलॉजी सेंटर पर फिर मेहरबानी क्यों

### 23 दिसंबर को सील हुआ था एक पैथोलॉजी, 2 घंटे में टूट गई थी सील, अब फिर दी गई 3 दिन की मोहलत

अमन लेखनी समाचार

बीजपुर (सोनभद्र) जिले में अवैध पैथोलॉजी सेंटरों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई अब सवालों के घेरे में है। सोमवार की देर शाम बीजपुर बाजार स्थित एक पैथोलॉजी सेंटर पर सहायक मुख्य चिकित्साधिकारी गुरु प्रसाद की छापेमारी एक हाई वोल्टेज ड्रामा बनकर रह गई। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग पर गंभीर आरोप लगाते हुए इसे छापेमारी के बजाय सेटिंग-गेटिंग का खेल करार दिया है ।सोमवार शाम जैसे ही एसीएमओ की टीम बीजपुर पहुंची तो अचानक एक पैथोलॉजी सेंटर का शटर गिर गया और संचालक मौके से गायब हो गया। प्रत्यक्षदर्शी ग्रामीणों का दावा है कि टीम के पहुंचने से पहले ही विभाग के किसी विभीषण ने फोन कर संचालक को छापेमारी की सूचना दे दी थी। टीम के मौके पर पहुंचने पर सिर्फ बंद शटर मिला, जिस पर नोटिस चस्पा कर अधिकारी अपनी पीठ थपथपाते नजर आए ।इस पूरे प्रकरण में सबसे बड़ा सवाल स्वास्थ्य विभाग की नीयत पर है ।रिकॉर्ड के मुताबिक, इसी पैथोलॉजी सेंटर को 23 दिसंबर को सील किया गया था ।लेकिन संचालक के हौसले इतने बुलंद थे कि सील होने के महज 2 घंटे बाद ही सील तोड़कर सेंटर फिर से शुरू कर दिया गया ।ग्रामीणों का सवाल जायज है कि सरकारी सील तोड़ना एक गंभीर अपराध है, फिर भी पिछले 22 दिनों तक विभाग ने कोई एफआईआर या ठोस कार्रवाई क्यों नहीं की और अब जब दोबारा छापा मारा गया, तो सीधे कार्रवाई करने के बजाय 3 दिन की मोहलत क्यों दी गई क्या यह विभाग की लाचारी है या फिर भ्रष्टाचार की गहरी जड़ें है सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे बयान में पैथोलॉजी के संचालक ने खुद को निर्दोष बताया है ।संचालक का कहना है, मैं किसी जरूरी काम और छोटी बच्ची की दवा लेने बैढन गया था। मुझे रास्ते में एसीएमओ सर के दौरे की खबर मिली तो मैं भागा-भागा आया। तब तक नोटिस लग चुका था। मैंने सर को अपने पेपर्स दिखाए, जिस पर उन्होंने मुझे 3 दिन के अंदर जिला मुख्यालय पर सारे कागजात प्रस्तुत करने को कहा है। जांच के बाद ही सेंटर खोलने का आदेश मिलेगा ।क्या छापेमारी से पहले ही सूचना लीक होना विभाग के अंदर 'काली भेड़ों' की मौजूदगी का सबूत नहीं है फिलहाल, एसीएमओ ने संचालक को दस्तावेज दिखाने के लिए 3 दिन का समय दिया है, लेकिन जनता की नजर अब इस बात पर है कि क्या यह जांच किसी नतीजे पर पहुंचेगी या फिर फाइलों में दबकर रह जाएगी।


**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com




# इतिहास बदलने की दास्तान है 'स्पेस जेन : चंद्रयान'

मुंबई। 'पंचायत' के मेकर्स की नई वेब सीरीज 'स्पेस जेनः चंद्रयान' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह सीरीज ओटीटी पर गणतंत्र दिवस के मौके पर रिलीज हो रही है। कहानी चंद्रयान-2 की असफलता के बाद की वैज्ञानिक चुनौतियों और फिर इतिहास रचने की दास्तान की है। यह वेब सीरीज हिंदुस्तान के उस सपने की कहानी है, जिसमें हारना और हार के बाद फिर से उठकर इतिहास बदलने की दास्तान है। यह कहानी है इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन के चंद्रयान-2 मिशन की नाकामी और फिर चंद्रयान-3 मिशन की ऐतिहासिक सफलता की। अनंत सिंह के डायरेक्शन में बनी यह सीरीज 'स्पेस जेनः चंद्रयान' के ट्रेलर की शुरुआत सवालों से होती है।

लाइफ Style

# तापसी



## दूसरों को गिराने के लिए दिए जा रहे पैसे

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री तापसी पन्नू अपनी महिला आधारित फिल्मों और शानदार अभिनय के अलावा, अपनी बेबाकी के लिए भी जानी जाती हैं। तापसी अक्सर हर मुद्दे पर खुलकर अपनी राय रखती हैं। अब तापसी ने इंस्ट्री में चलने वाले पीआर गेम पर अपनी राय रखते हुए इसकी आलोचना की है। साथ ही उन्होंने कहा कि वो खुद को इस पीआर गेम से दूर रखती हैं।


तापसी ने पीआर को लेकर सवाल भी उठाया है। एक बातचीत के दौरान एक्ट्रेस ने कहा कि आजकल इंडस्ट्री में पीआर गेम काफी बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि मैं अपने कामों में बहुत व्यस्त थी। लेकिन, पिछले डेढ़-दो साल से मैंने अपनी रफ्तार धीमी कर दी है और यह एक सोची-समझी कोशिश भी थी। मैंने महसूस किया है कि यह पीआर गेम एक अलग ही स्तर पर पहुंच गया है। आप या तो खुद को आगे बढ़ाने के लिए पैसे दे रहे हैं, जो पीआर करने का एक तरीका था। आप किसी और को नीचे गिराने के लिए भी पैसे दे रहे हैं। अभिनेत्री ने आगे कहा कि मुझे ये नहीं समझ में आता कि कब से आपकी सफलता किसी और की असफलता पर निर्भर करने लगी? लोग प्रासंगिक बने रहने के लिए अपने व्यक्तित्व का एक नया मुखौटा बना रहे हैं। मैं सिर्फ किसी हिट फिल्म में होने से संतुष्ट नहीं हूं, मुझे भी अपनी एक सशक्त आवाज चाहिए, भले ही वह आपकी न हो। लेकिन, आपको अपनी एक आवाज बनानी होगी। फिल्मों से परे आप जो आवाज बनाने की कोशिश कर रहे हैं, वह आपके काम से मेल नहीं खाती। यही विरोधाभास है। आप फिल्मों से परे होने की बात कर रहे हैं, लेकिन आपका काम कुछ और ही कह रहा है।

हॉलीवुड मसाला




# साइरंस किस में आएंगे नजर

लॉस एंजिल्स। कोरियन सीरीज को लेकर भारत में भी अच्छा-खास क्रेज देखा जाता है। जल्द ही 'स्क्विड गेम'सीरीज एक्टर वी हाजुन एक नई कोरियन सीरीज 'साइरंस किस'में नजर आएंगे। इन दिनों भारतीय दर्शक कोरियन सीरीज को बड़ी संख्या में देख रहे हैं। ऐसे में कई स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर कोरियन सीरीज स्ट्रीम होती है। जल्द ही एक सीरीज 'साइरंस किस' भी दर्शक देख पाएंगे। साइरंस किस सीरीज में कॉन्फिडेंस क्वीन फेम की पार्क मिनयंग और स्क्विड गेम स्टार वी हाजुन नजर आएंगे।



# द ब्लफ के निर्देशक फ्रैंक ई. फ्लावर्स का किया वेलकम

लॉस एंजिल्स। प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी आगामी हॉलीवुड एक्शन फिल्म 'द ब्लफ' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। आज प्रियंका ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर 'द ब्लफ' के निर्देशक फ्रैंक ई फ्लावर्स के साथ अपनी एक खास तस्वीर शेयर की है। इसके साथ ही प्रियंका ने फ्रैंक के लिए एक वेलकम नोट भी लिखा है। प्रियंका चोपड़ा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर आगामी एक्म 'द ब्लफ' के निर्देशक फ्रैंक ई. फ्लावर्स को लेकर एक पोस्ट शेयर किया है। प्रियंका ने फ्रैंक ई. फ्लावर्स के साथ एक खास तस्वीर इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की, जिसमें प्रियंका फ्लाइंग किस करती नजर आ रही है। और फ्रैंक उनके साथ सेल्फी खीचते नजर आ रहे हैं। यह तस्वीर शायद 'द ब्लफ' की शूटिंग के दौरान की है। इस तस्वीर के साथ प्रियंका ने कैप्शन में लिखा, 'फिल्म 'द ब्लफ' के निर्देशक फ्रैंक आपका इंस्टाग्राम पर स्वागत है।'



# मैं धरम जी के बेटों के बेहद करीब...

मुंबई। हेमा मालिनी ने धर्मेंद्र के बेटों सनी और बॉबी देओल के बीच अनबन की अफवाहों को खारिज कर दिया है। एक इंटरव्यू में उन्होंने परिवार के आपसी संबंधों और सनी द्वारा धर्मेंद्र की विरासत को आगे बढ़ाने की योजनाओं के बारे में बात की। दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र का 24 नवंबर 2025 को मुंबई में उनके घर पर निधन हो गया। वे 89 साल के थे। उनके निधन के बाद देओल परिवार के रिश्तों पर लोगों की नजर टिक गई। इन अफवाहों पर हेमा मालिनी ने एक इंटरव्यू में कहा, 'सनी और बॉबी के साथ मेरा रिश्ता हमेशा बहुत अच्छा और प्यार भरा रहा है। आज भी वैसा ही है। मुझे समझ नहीं आता कि लोग हमारे बीच कुछ गड़बड़ क्यों सोचते हैं। लोग बस गपशप करना चाहते हैं। मुझे उन्हें जवाब क्यों देना चाहिए? कोई सफाई देना जरूरी नहीं है?



# अशरफ से जुड़ रहा नोरा का नाम...

मुंबई। नोरा फतेही अपनी अदाकारी और अपनी जबरदस्त डांस की वजह से सुर्खियों में रहती हैं। इस बार वह अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। नोरा फतेही मोरक्को मूल की हैं। वह 'अफ्रीका कप ऑफ नेशंस' 2025 के क्वार्टर फाइनल में मोरक्को की फुटबॉल टीम को चीयर करती दिखीं। इस टीम के कप्तान अशरफ हकीमी हैं। नोरा फतेही का नाम इसी फुटबॉलर से जोड़ा जा रहा है। अशरफ हकीमी की पहले स्पेनिश अभिनेत्री हिबा अबूक से शादी हो चुकी है। उनका रिश्ता 2020 से 2023 तक चला। उनके दो बच्चे आमीन और नईम हैं। साल 2023 में इस कपल का तलाक हो गया। हिबा स्पेनिश की कई मशहूर फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। हाल ही में मोरक्को की टीम की जीत के बाद नोरा फतेही ने अपने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा 'जबरदस्त खेल था!

टीवी मसाला



# सुनील लेकर आ रहे भारत के सुपर फाउंडर्स

नई दिल्ली। फिल्मों में अपना दमदार अभिनय दिखाने के बाद अब अभिनेता सुनील शेट्टी ओटीटी पर वापसी करने वाले हैं, वो भी एक अलग अंदाज में। सुनील शेट्टी एक नया रियलिटी शो ला रहे हैं, जिसका नाम है 'भारत के सुपर फाउंडर्स'। यह शो 16 जनवरी से शुरू हो रहा है। शो अमेजन एमएक्स प्लेयर पर स्ट्रीम करेगा, जहां इसे बिल्कुल फ्री में देखा जा सकता है। शो का नया एपिसोड हर शुक्रवार-शनिवार दोपहर 12 बजे से स्ट्रीम करेगा। सुनील शेट्टी इस शो में बतौर होस्ट नजर आएंगे। शो का ट्रेलर सामने आ गया है। भारत के सुपर फाउंडर्स में उद्योग जगत के दिग्गजों का एक प्रतिष्ठित पैनल भारत के उन नए उद्यमियों का समर्थन करने के लिए एक साथ आया है। ये काफी हद तक 'शार्क टैंक' जैसा है। शो की थीम बिजनेस पर आधारित है, जिसमें नए बिजनेसमैन या इंट्राप्रेन्योर अपने आइडियाज और स्टार्टअप्स पैनल में मौजूद दिग्गज उद्यमियों से साझा करेंगे। इसके बाद अगर पैनल संतुष्ट होता है या पैनल का कोई एक सदस्य संतुष्ट होता है, तो उनके स्टार्टअप में इन्वेस्टमेंट करेगा। ट्रेलर में 100 करोड़ रुपये के इन्वेस्टमेंट पूल को प्रमुखता से दिखाया गया है, जो किसी भारतीय इंट्राप्रेन्योरियल रियलिटी सीरीज का अब तक का सबसे बड़ा अमाउंट है। इस निवेश को बिजनेस इंडस्ट्री के दिग्गजों के एक पैनल और रिकर क्लब का समर्थन प्राप्त है। शो का फोकस भारत भर के उन इंट्राप्रेन्योर्स पर है, जिनमें छोटे शहर और उभरते बाजार शामिल हैं। जो वास्तविक जरूरतों और मजबूत इरादों पर आधारित व्यवसाय स्थापित कर रहे हैं। सुनील शेट्टी शो में होस्ट और मेंटर के रूप में नजर आएंगे।

## द 50 शो का पहला लुक आया सामने


नई दिल्ली। कलर्स टीवी पर नए रियलिटी शो 'द 50' का पहला लुक सामने आने के बाद से ही दर्शक एक्साइटेड हैं। हालांकि, मेकर्स ने फराह खान



को होस्ट के रूप में दिखा दिया है, लेकिन कंटेस्टेंट्स और शो के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं बताई गई है। अब, 'द 50' के बारे में सारी बातें सामने आई है, ये एक ऐसा शो है जिसके बारे में मेकर्स का मानना है कि यह भारत में नॉन-फिक्शन टेलीविजन की दुनिया को बदल देगा। 1 फरवरी को प्रीमियर होने वाले उनके नए शो के बारे में पूछे जाने पर आलोक जैन ने बताया, 'द 50' में हम 50 सेलिब्रिटी कंटेस्टेंट्स को एक मंच पर लाएंगे और उन्हें कुछ बेहद एंटरटेनिंग टास्क पूरे करने होंगे। इसमें एलिमिनेशन भी होंगे। और लगभग 50 एपिसोड के बाद हमें विनर मिल जाएगा। रियलिटी शो 'द 50' का प्रीमियर 1 फरवरी से रात 9 बजे जियोहॉटस्टार और रात 10:30 बजे कलर्स टीवी पर होगा।

# बॉलीवुड सेलेब्स ने मनाई लोहड़ी फैंस को दीं शुभकामनाएं









मुंबई। लोहड़ी का त्योहार खुशियों, समृद्धि और नई शुरुआत का प्रतीक मान जाता है। लोहड़ी के खास मौके पर लोग अलाव जलाकर नाच-गाना करते हैं और उसकी परिक्रमा करते हैं। अग्नि में तिल, गुड़, गजक, रेवड़ी और मूंगफली डालते हैं। लोहड़ी के मौके पर कई बॉलीवुड सेलेब्स अक्षय कुमार, शिल्पा शेट्टी, अनिल कपूर और रवीना टंडन के अलावा कई सेलेब्स ने अपने फैंस को लोहड़ी की शुभकामनाएं दी हैं। रवीना टंडन ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह पिंक सूट में हाथ जोड़े लोहड़ी की शुभकामनाएं देती नजर आ रही हैं। इस पोस्ट के साथ रवीना ने लिखा, 'जैसे आज रात आग की लपटें नाचेंगी, वैसे ही आपका दिल भी खुशी और शांत जीत के साथ नाचे।' अक्षय कुमार ने इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर पर अपने फैंस को लोहड़ी की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। अक्षय ने पंजाबी में फैंस के लिए लिखा, 'आपको और आपके पूरे परिवार को लोहड़ी की लख-लख बधाई। वाहेगुरु जी आप सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें और सभी के घरों को खुशियों से भर दें।' शिल्पा शेट्टी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर शेयर की और लिखा, 'हैप्पी लोहड़ी, आपकी यह लोहड़ी जोरदार हंसी और परिवार के साथ ढेर सारी खुशी के पलों से भरी हो। यह एक नई शुरुआत है और आग सारी नेगेटिविटी को दूर ले जाए, सिर्फ रोशनी, गर्माहट और खुशी बाकी रहे।' अनिल कपूर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर शेयर की और फैंस को लोहड़ी की शुभकामनाएं देते हुए लिखा, 'आग की गर्मी आपके घर में खुशियां, समृद्धि और सफलता लाए।' जैकी श्रॉफ और 'बिग बॉस 19' की कंटेस्टेंट अशनूर कौर ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर फैंस को लोहड़ी की शुभकामनाएं दी हैं। वहीं विक्की कौशल के पिता शाम कौशल ने भी सभी को लोहड़ी की लख-लख बधाई दी है। शाम कौशल ने लिखा, 'यह लोहड़ी आपके जीवन में ढेर सारी खुशियां लाए।'

# रंग दे बसंती ने जगाया देशप्रेम, 3 इडियट्स ने दिखाई अलग राह, इन फिल्मों ने युवाओं का बदला नजरिया

नई दिल्ली। स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को अलग तरह से सोचने की प्रेरणा दी। नई लीक पर चलने का साहस दिया। इन्हीं मूल्यों को हिंदी सिनेमा ने भी अपनाया है। यही कारण है कि कई फिल्में बॉलीवुड में ऐसी बनीं, जिन्होंने युवाओं को इंस्पायर किया। इन फिल्मों में बॉलीवुड के नामी कलाकारों ने भी अभिनय किया।

**3 इडियट्स** : आमिर खान की फिल्म '3 इडियट्स'को हर उम्र के दर्शकों ने पसंद किया था लेकिन इस फिल्म को सबसे ज्यादा युवा पीढ़ी ने सराहा। इस फिल्म से कई यंगस्टर इंस्पायर हुए। उन्हें जिंदगी में कुछ अलग और नया काम करने की हिम्मत मिली। फिल्म में तीन इंजीनियरिंग स्टूडेंस की कहानी थी। फिल्म में रेंचो (आमिर खान), राजू (शरमन जोशी) और फरहान (आर माधवन) के जरिए युवाओं को यह मैसेज दिया गया कि उन्हें वो काम करना चाहिए, जो खुशी दे। समाज के बनाए नियमों से पार जाकर अपने लिए अलग राह बनानी चाहिए, कुछ अलग सोचना चाहिए।

**रंग दे बसंती** : फिल्म 'रंग दे बसंती'ने युवाओं के मन में देशभक्ति का भाव पैदा किया था। देश के लिए कुछ करने की चाह पैदा की थी। फिल्म की कहानी में भगत सिंह जैसे स्वतंत्रता सेनानियों की सोच को अहमितय दी गई। इस फिल्म में आमिर खान ,सोहा अली खान, आर माधवन, सिद्धार्थ, शरमन जोशी, कुणाल कपूर, अतुल कुलकर्णी जैसे चर्चित कलाकार नजर आए थे। यह फिल्म युवाओं को भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने के लिए इंस्पायर करती है।







**12वीं फेल** : विक्रांत मैसी स्टारर फिल्म '12वीं फेल'भी यंगस्टर को बड़े सपने देखने के लिए इंस्पायर करती है। इस फिल्म में एक गरीब लड़के के आईएएस ऑफिसर बनने की कहानी है। यह फिल्म असफलता से निराश ना होने की बात करती है। ईमानदारी से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है।

**चक दे इंडिया** : शाहरुख खान स्टारर फिल्म 'चक दे इंडिया में एक ऐसे कोच की कहानी थी, जो एक महिला हॉकी टीम को तैयार करता है। इस कहानी में कोच का रोल शाहरुख खान ने निभाया था। आज भी यह फिल्म स्पोर्ट्स लवर की फेवरेट बनी हुई है। वहीं इस फिल्म ने लड़कियों को खेलों में आने के लिए इंस्पायर भी किया था।

**दंगल** : फिल्म 'दंगल'ने भी महिला सशक्तिकरण की बात बहुत ही अलग ढंग से फिल्म में कहा। कई युवा लड़कियों के लिए यह फिल्म एक प्रेरणा बन गई। आमिर खान की फिल्म 'दंगल' की कहानी पहलवान महावीर सिंह फोगट के जीवन पर आधारित थी। फिल्म में महावीर सिंह का रोल आमिर खान ने किया था। कैसे महावीर सिंह फोगट ने अपनी बेटियों को रेसलर बनाया, इसके लिए क्या-क्या संघर्ष किया, यही सब फिल्म में दिखाया गया है। फिल्म मे फोगट बहनों का रोल फातिमा सना शेख, सान्या मल्होत्रा ने किया था।

## कई फिल्मों में दिखा मकर संक्रांति का उल्लास और उमंग

# बड़े पर्दे पर पतंगबाजी करते दिखे शाहरुख और सलमान

*नई दिल्ली। मकर संक्रांति का उत्सव देश भर में उल्लास-उमंग के साथ मनाया जाता है। इस त्योहार में बड़े और बच्चे मिलकर पतंगबाजी भी करते हैं। इस त्योहार को बॉलीवुड फिल्मों में भी बड़ी खूबसूरती से दिखा गया है। हिंदी फिल्मों में भारतीय त्योहार कहानियों का अहम हिस्सा रहे हैं। हमारे त्योहारों, इसकी परंपरा पर फिल्मों में कई गाने भी सुनने को मिलते है। कई गाने तो बहुत हिट भी रहे हैं। होली, दिवाली, करवाचौथ के गीत बहुत बड़ी संख्या में हिंदी फिल्मों में रखे जाते है। 14 जनवरी को मकर संक्राति का त्योहार है। मकर संक्राति पर भी फिल्मी गीत, सीन्स कई बॉलीवुड फिल्मों में दिखे हैं।*







### हम दिल दे चुके सनम

सलमान खान और ऐश्वर्या राय की फिल्म 'हम दिल दे चुके सनम(1999)' को दर्शकों से काफी प्यार मिला था। इस फिल्म में मकर संक्राति का त्योहार दिखाया गया था। साथ ही एक गाना 'ढील दे दे रे भईया'सलमान खान पर फिल्माया गया था। वह फिल्म में पतंगबाजी करते हुए नजर आते हैं। यह गाना आज भी मकर संक्रांति पर खूब पसंद किया जाता है, पतंगबाजी करते हुए लोग इस गाने को गाते या सुनते हैं। सलमान खान की 2016 में रिलीज हुई फिल्म 'सुल्तान'में भी मकर संक्रांति की एक झलक मिलती है। एक सीन में उनका किरदार अपने गांव की गलियों में पतंगबाजी करता हुआ नजर आता है।

### काई पो चे

दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की फिल्म 'काई पो चे'साल 2013 में रिलीज हुई। इस फिल्म में भी 'मांझा'नाम से एक गाना था, जिसमें सुशांत, राजकुमार राव और अमित साध दोस्तों के किरदार में नजर आते हैं। फिल्म में सभी मिलकर मकर संक्रांति का त्योहार मनाते हैं। यह गाना भी मकर संक्रांति के मौके पर लोग काफी पसंद करते हैं।

### रईस

शाहरुख खान की फिल्मों में भारतीय त्योहारों पर कई गाने देखने को मिलते हैं। साल 2017 में उनकी फिल्म 'रईस' रिलीज हुई। इस फिल्म में 'उड़ी उड़ी जाए' गाने में मकर संक्रांति का उल्लास, उमंग दिखा। पतंगबाजी भी झलक भी मिली। इस गाने मे शाहरुख खान के साथ पाकिस्तानी एक्ट्रेस माहिरा खान भी नजर आईं।

### पतंग द काइट

साल 2011 में रिलीज हुई 'पतंग द काइट' फिल्म की कहानी तो मकर संक्राति पर की जाने वाली पतंगबाजी के ईद-गिर्द बुनी गई। इस फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी भी नजर आए थे। इस फिल्म में मकर संक्रांति पर होने वाली पतंगबाजी उत्सव के साथ एक परिवार के लोगों की जिंदगी, रिश्तों और सपनों को दिखाया गया है। तापसी पन्नू की फिल्म 'रश्मि रॉकेट' में भी मकर संक्रांति का सीक्वेंस दिखाया गया था। रश्मि की तेज दौड़ और पतंगबाजी को साथ में जोड़कर यह सीन फिल्म में दिखाया जाता है।

### इन फिल्मों में दिखी लोहड़ी की धूम

मकर संक्रांति से पहले देश भर में लोहड़ी का त्योहार मनाया जाता है। हिंदी फिल्मों में भी लोहड़ी के रंग नजर आए हैं। शाहरुख खान और प्रीति जिंटा की 'वीर जारा', में लोहड़ी का त्योहार दिखाया गया। इस फिल्म में एक गाना 'लो आ गई लोहड़ी...' अमिताभ बच्चन और हेमा मालिनी पर फिल्माया गया। इसी तरह अजय देवगन और सोनाक्षी सिन्हा पर फिल्म 'सन ऑफ सरदार' में 'तू कमाल दी...' गाना फिल्माया गया, इस गाने में लोहड़ी का उत्सव, उल्लास दिखाया गया। फिल्म 'यमला पगला दीवाना' में भी लोहड़ी का त्योहार दिखाया गया था, जिसमें दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र नजर आए थे।